नई दिल्ली
सोमवार, 13 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 180
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 19.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार
कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी 11

भारत की ओर से कीर्ति वर्धन सिंह करेंगे प्रतिनिधित्व

# ट्रंप ने पीएम मोदी को न्योता भेजा, मिस्र में होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए आया निमंत्रण

*आज मिस्र में आयोजित होने वाले गाजा शांति सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह वहां जाएंगे।*

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज (13 अक्टूबर) को गाज़ा के लिए मिस्र में होने वाले "शांति सम्मेलन" में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। शांति सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी की तरफ से भी प्रधानमंत्री मोदी को न्योता आया है। मीडिया को ▶▶ शेष पेज 5 पर



## 20 से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे

*हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि मोदी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे या नहीं। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता के अनुसार, "शांति सम्मेलन" सोमवार दोपहर शर्म-अल-शेख में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता अब्देल फतह अल-सीसी और डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त रूप से करेंगे, और इसमें 20 से अधिक देशों के नेता भाग लेंगे। बयान में कहा गया है।*

## हमास हस्ताक्षर नहीं करेगा

हालांकि, शांति प्रक्रिया में कई बड़ी बाधाएं हैं। फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने कहा है कि वह शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा। उन्होंने ट्रंप की योजना के कई तत्वों से असहमति जताई है, खासकर निरस्त्रीकरण और गाजा से फिलिस्तीनियों के स्थानांतरण के प्रस्तावों को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## युद्धविराम और गाजा का पुनर्निर्माण

शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस है इजराइल और हमास के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम को मजबूत करना और गाजा में मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के प्रयासों पर काम करना। सम्मेलन में उम्मीद है कि नेता युद्धविराम का समर्थन करेंगे और गाजा के लिए दीर्घकालिक शांति का रोडमैप तैयार करेंगे। मिस्र, कतर, तुर्की और अमेरिका की मध्यस्थता में शर्म अल-शेख में तीन दिन की गहन वार्ता के बाद शुक्रवार को युद्धविराम ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्रंप के हवाले से लिखा था मिस्टर पीएम आप महान हैं

## सम्मेलन में पीएम मोदी का ट्रंप से मुलाकात का अवसर बन सकता है

अगर प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में शामिल होते हैं, तो यह राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात का अवसर बन सकता है। बीते एक दशक से अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में जो गर्मजोशी दिख रही थी, हाल के महीनों में कम होती दिखी। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए हैं और एच-1बी वीजा शुल्क भी बढ़ाया है। अमेरिका भारत पर यूक्रेन युद्ध में रूस का साथ देने का आरोप लगा रहा है। इस बीच एक नया डेवलपमेंट ये भी सामने आया कि भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सर्जियो गोर ने पीएम मोदी को एक तस्वीर भेंट की, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ऑफिस 'वॉइट हाउस' में खींची हुई पीएम मोदी और डॉनल्ड ट्रंप की फोटो है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिवाली से पहले आएंगे 21वीं किस्त के 2-2 हजार!



**नई दिल्ली।** पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त का देशभर के करोड़ों किसान इस वक्त बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार दिवाली से पहले किसानों के खातों में 2,000 रुपए जमा हो सकते हैं। अभी तक सिर्फ जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के किसानों के अकाउंट में 21वीं किस्त का पैसा ट्रांसफर किया है।

### पाक में पुलिस फायरिंग से 11 प्रदर्शनकारियों की मौत



**कराची।** पाकिस्तान में कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के सदस्यों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प में 11 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कई घायल हुए। इससे पहले 2 लोगों की मौत की खबर थी। ये प्रदर्शनकारी गाजा में ट्रंप के पीस प्लान का विरोध कर रहे थे। तभी देश में तनाव बढ़ गया है।

### एकम्बरेश्वर मंदिर में 17 साल बाद फिर पूजा



**चेन्नई।** कांचीपुरम स्थित 1,300 साल पुराने अरुलमिगु एकम्बरनाथ मंदिर में 17 साल बाद आठ दिसंबर को फिर से पूजा शुरू होगी। तमिलनाडु सरकार के हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि विभाग द्वारा प्रबंधित इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ निधि मंत्री पीके शेखर बाबू ने 12 अक्टूबर को इस तिथि की आधिकारिक घोषणा की थी।

मुंबई आतंकी हमले के बाद अब पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम का बड़ा बयान

# 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था, इसकी कीमत इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई

एजेंसी ▶▶| शिमला

कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने 1984 में स्वर्ण मंदिर में हुए ' ऑपरेशन ब्लू स्टार ' को गलत तरीका बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा है कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए चलाया गया 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान यह बात कही। इस बयान से कांग्रेस नेतृत्व बेहद नाराज है और नेताओं को सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत तरीका था और मैं इस बात से सहमत हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था तथा आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक 'दे विल शूट यू मैडमः माई लाइफ थ्रू कॉनफ्लिक्ट' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

**कांग्रेस आलाकमान नाराज कहा- फजीहत कराने जैसा**

*चिदंबरम के बयान पर पार्टी के अंदर सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की है।*

## एक पुस्तक पर बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता ने की टिप्पणी



### 'स्वर्ण मंदिर को खाली कराने का सही तरीका नहीं था'

*चिदंबरम ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार स्वर्ण मंदिर को खाली कराने का सही तरीका नहीं था और लगभग 3 से 4 साल बाद हमने 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' से सेना को बाहर रखकर सही निर्णय लिया। स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए 1986 और 1988 में 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर' चलाया गया था। बावेजा ने कहा कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के कारण पंजाब में हिंसा के अगले दौर की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 'धर्म को राजनीति के साथ जोड़ दिया'' और अकालियों को नियंत्रित करने में भिंडरावाले की सहायता ली।*

### भाजपा और पीएम की भाषा बोल रहे चिदंबरमः कांग्रेस

*इस बीच, सूत्रों ने नई दिल्ली में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व चिदंबरम की ओर से दिए गए बयान से बेहद नाराज' है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि वो भाजपा और प्रधानमंत्री की भाषा बोल रहे हैं। अल्वी ने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत था या सही, ये अलग बात है, मगर 50 साल बाद इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है? इससे पहले . चिदंबरम ने 30 सितंबर, 2025 को एक न्यूज चैनल संग इंटरव्यू में 2008 के मुंबई आतंकी हमलों को लेकर कहा था कि पूरी दुनिया का दबाव था, हमें पाकिस्तान से युद्ध नहीं करने को लेकर समझाया जा रहा था।*

रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# भारत ने 26/11 मुंबई हमले के आतंकियों को मारने का दुर्लभ मौका गंवाया, सौ फीसदी थी सटीक जानकारी



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद/नई दिल्ली

भारत के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारत के पास 26/11 मुंबई हमले के बाद आतंकियों को मारने का बहुत बड़ा मौका था। अधिकारी, जो मुंबई हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने वाली टीम का हिस्सा था, उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि नई दिल्ली ने पाकिस्तान स्थित शीर्ष आतंकवादी नेतृत्व को खत्म करने का एक दुर्लभ ऑपरेशनल मौका गंवा दिया। इस टीम ने आकलन किया था कि अगर भारत कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान भारत के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला करने की स्थिति में ही नहीं था और तनाव बढ़ने से बचने के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप लीडर्स की 'कुर्बानी' देने के लिए तैयार हो गया था। रिपोर्ट में उस बड़े अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पूरी ऑपरेशनल मंजूरी दे दी थी। अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से तनाव बढ़ने का खतरा बेहद कम था। उन्होंने कहा कि हमने अपनी तरफ से पूरी मंजूरी दे दी थी। हमने आवश्यक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कुख्यात आतंकियों को लेकर थी सटीक जानकारी

*अधिकारी ने खुलासा करते हुए कहा कि मुंबई हमलों के शुरुआती हफ्तों में मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के कई शीर्ष आंतकियों की लोकेशन ट्रैक की गई थी। इन आतंकियों की असामान्य मूवमेंट को जानबूझकर दिखाया गया, ताकि भारत को संकेत मिले कि पाकिस्तान उन्हें कुर्बान करने को तैयार है। अधिकारी के मुताबिक वे जानते थे कि हम देख रहे हैं। उन्होंने कुछ हद तक खुलकर इन आतंकियों को मूव कराया ताकि हम कार्रवाई करें। लेकिन हमने वह कदम नहीं उठाया। यह साफ संकेत था कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान अंतराष्ट्रीय दबाव को देखते हुए अपने कुछ एसेट्स खोने को भी तैयार था। लेकिन भारत की ओर से कोई जवाबी कदम न उठाने से यह मौका हाथ से निकल गया।*

### अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था

*अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तान की सैन्य, वित्तीय और कूटनीतिक कमजोरी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को कार्रवाई करने की पूरी मंजूरी है, और आकलन से पता चलता है कि इस्लामाबाद सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार था, और नई दिल्ली के हमले की आशंका से डरा हुआ था। सूचनाओं ने यह संकेत दिया था कि पाकिस्तान न तो संसाधनों से लैस था और न ही मनोवैज्ञानिक रूप से युद्ध के लिए तैयार। भारत की सभी खुफिया एजेंसियों ने "ऑपरेशनल क्लियरेंस" दे दी थी, लेकिन* ▶▶ शेष पेज 5 पर

गूगल मैप को टक्कर दे रहा मैपल्स एप

# स्वदेशी नेविगेशन एप के वैष्णव भी हुए फैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



गूगल मैप्स को टक्कर देने वाला स्वदेशी एप मैपल्स एप लॉन्च हो गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नेविगेशन एप का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है। इस स्वदेशी नेविगेशन ऐप में गूगल मैप से भी अधिक फीचर्स दिए गए हैं। इस एप के फैन खुद रेल मंत्री अश्विन वैष्णव भी हो गए हैं। उन्होंने कहा जल्द रेलवे और मैपल्स का एमओयू साइन होगा। दरअसल, मैपल्स स्वेदशी एप को मैपी इंडिया द्वारा तैयार किया गया है। इसमें आपको वो सभी फीचर्स मिल जाएंगे, जो गूगल मैप्स पर मिलते हैं। यही नहीं इस स्वदेशी नेविगेशन एप पर यूजर्स द्वारा ▶▶ शेष पेज 5 पर

स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

# 5000 वनडे रन बनाए दूसरी भारतीय महिला बनीं

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम



भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप का 13वां मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# एमपी के सीधी से स्टेट बैंक के ऑफिसर घूस लेते हुए सीबीआई की गिरफ्त में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एक फील्ड ऑफिसर, विशाल भारती, को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर शनिवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार, विशाल भारती ने शिकायतकर्ता की पत्नी द्वारा लिए गए 5 लाख रुपये के मुद्रा ऋण के लिए 10 फ़ीसदी (50,000 रुपये) की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद, आरोपी 20,000 रुपये की रिश्वत लेने के लिए सहमत हुआ। सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को 10,000 रुपये की रिश्वत स्वीकार करते समय पकड़ा और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को रविवार को जबलपुर में सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। आरोपी के घर की तलाशी ली गई है, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेजों और सामग्रियों की बरामदगी की गई है। जांच अभी जारी है।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- जबरन का ज्ञान न दिया जाए

# हम बकरीद और ताजिए पर ज्ञान नहीं देते पटाखे फोड़ना ही हमारी सनातनी परंपरा

**शास्त्री ने कहा-हिंदू त्योहारों पर ही उठाया जाता है मुद्दा**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा - दिवाली पर पटाखों को लेकर ज्ञान न पेलें। हम न बकरीद पर ज्ञान देते हैं, न ताजिए पर। इसलिए हमें ज्ञान न पेलें।

यह हमारी परंपरा है, और हम इसे निभाएंगे। दरअसल, शनिवार को धीरेंद्र शास्त्री मुंबई में सिद्धि विनायक गणेश मंदिर दर्शन करने पहुंचे। यहां मीडिया से बात करते हुए किसी ने उनसे दिवाली पर पटाखों से प्रदूषण होने और बॉलीवुड अभिनेताओं द्वारा पटाखे न फोड़ने की अपील को लेकर सवाल किया। इसी को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने ज्ञान न देने की बात कही। शास्त्री ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर विषय है, लेकिन यह मुद्दा केवल हिंदू त्योहारों के समय ही क्यों उठाया जाता है। अभिनेताओं से सभी धर्मों के पर्वों को समान दृष्टि से देखने और ज्ञान न देने की अपील है। त्योहारों का मकसद खुशी, शांति और आपसी भाईचारे को बढ़ाना होना चाहिए। धर्म चाहे कोई भी हो, सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री ने आई लव मुहम्मद को लेकर कहा, ▶▶ शेष पेज 5 पर



मुत्ताकी ने पिछली बार नहीं बुलाने पर दी सफाई

# अफगान मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठी दिखीं महिला पत्रकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्ताकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया-यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।



### अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की

*मुत्ताकी ने भारत के विदेश मंत्री से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने घोषणा की कि भारत काबुल में अपने मिशन को एम्बेसी में अपग्रेड करेगा और काबुल के डिप्लोमैट्स जल्द ही नई दिल्ली आएंगे।*

### अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर खोलने का अनुरोध किया

*बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने काबुल और दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की। इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था पर समझौता किया। अफगानिस्तान ने भारत को विशेष रूप से खनिज, कृषि और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में चाबहार बंदरगाह पर भी चर्चा हुई। अफगानिस्तान ने वाघा बॉर्डर को खोलने का अनुरोध किया है। जो भारत और अफगानिस्तान के बीच सबसे तेज और आसान व्यापार रास्ता है।*

**खबर संक्षेप**



### प्लास्टिक बैग में एक व्यक्ति का सड़ा गला शव मिला

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में हिंडन नहर के पास एक प्लास्टिक के बैग में बंद शख्स का सड़ा गला शव पाया गया। मामला शनिवार को सामने आया। बैग को भूरे रंग की टेप से लपेटा गया था। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम को मुल्ला कॉलोनी के सामने हिंडन नहर के एक सूखे कोने में संदिग्ध बैग पड़े होने की सूचना मिली थी। गाजीपुर थाने की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और भूरे रंग की टेप से कसकर बंद प्लास्टिक बैग कब्जे में लिया। उसे खोलने पर एक सड़ा गला मानव शव मिला। घटनास्थल की घेराबंदी कर सबूत इकट्ठा करने के लिए अपराध और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। शव कई दिन पुराना लग रहा था और बुरी तरह सड़ चुका था। पहचान और पोस्टमार्टम के लिए उसे शवगृह में रखवाया गया है। प्रारंभिक जांच में अंदेशा जताया गया है कि व्यक्ति की हत्या कहीं और की गई होगी और उसका शव नहर के पास फेंक दिया गया होगा। मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने बताया कि आसपास के थानों, गुमशुदा व्यक्तियों के रिकॉर्ड और आसपास के सीसीटीवी फुटेज के जरिए मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए कई टीमें बनाई गई है।

### प्रतिबंधित सिगरेट बेचने के आरोप में एक दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को बिना अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनी के प्रतिबंधित आयातित सिगरेट बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दक्षिणी दिल्ली के कोटला मुबारकपुर इलाके में उसकी दुकान से 68,000 से अधिक सिगरेट जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पुरुषोत्तम गुप्ता पिछले 20 वर्षों से कोटला मुबारकपुर में दुकान चला रहा था। शनिवार को एक टीम ने उसकी दुकान पर छापा मारा और 68,200 प्रतिबंधित सिगरेट बरामद की। पुलिस ने बताया कि जब्त की गयी सामग्री में आयातित ब्रांड की सिगरेट शामिल थी और इन पर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) के तहत आवश्यक वैधानिक चित्रात्मक चेतावनी नहीं थी।

### 675 किलो पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोकलपुरी पुलिस ने नाके पर जांच के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 675 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए। पटाखे ले जाने में इस्तेमाल की गई बोलेरो पिकअप भी जब्त कर ली गई है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात जांच के दौरान टीम ने अंबेडकर कॉलेज के पास एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप ट्रक को रोका। जांच करने पर वाहन में 675 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे पाए गए। गोकलपुरी पुलिस थाने में धारा 223(ए) बीएनएस और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5/15 के तहत मामला दर्ज किया गया है। चालक नूर मोहम्मद (42) पुत्र यासीन, निवासी गांव आतुता, जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

## दिल्ली में भी ज्वैलरी शोरूम लूटकांड में था शामिल

# स्मोक बम से बिहार में बैंक लूटने वाला एम फिल डिग्री धारक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कैमिस्ट्री में एम.फिल. डिग्रीधारी लुटेरे को क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-2, टीम ने गिरफ्तार किया है। इसे सीतामढ़ी, बिहार के एक सनसनीखेज बैंक डकैती मामले में दोषी ठहराया जा चुका था। आरोपी दीप शुभम ने कैमिस्ट्री के ज्ञान का उपयोग करके बैंक लूटने के लिए स्मोक बम तैयार किया था। मॉडल टाउन में दो ज्वैलर्स के यहां लूटपाट के मामले में इसकी दिल्ली पुलिस को तलाश थी। आरोपी को भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। क्राइम ब्रांच ने इसे हरियाणा के सोहना से गिरफ्तार किया है।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक मॉडल टाउन में मनमीत गुलेरिया ने लूट की शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया था कि 17 सितंबर 2021 को दोपहर लगभग 2:50 बजे वह गुजरांवाला टाउन स्थित 24 कैरेट कार्यालय में कार्यरत थी। इसी दौरान दो हथियारबंद व्यक्ति अंदर घुस आए। एक ने पिस्टल तानकर 60.6 लाख नकद और मोबाइल फोन लूट लिए। बाद में शिकायतकर्ता और गार्ड को बंद कर भाग निकले थे। दूसरा मामला भी मॉडल टाउन थाने में दर्ज हुआ था, जिसमें शिकायतकर्ता रशिका ने बताया कि 25 अक्टूबर 2021 को लगभग तीन बजे गुजरांवाला टाउन स्थित 24 कैरेट राज ज्वैलर्स में एक व्यक्ति पिस्टल लेकर आया और जान से मारने की धमकी देकर कैश काउंटर से नकदी लूटकर फरार हो गया। दोनों मामलों में कोर्ट ने अपराधी को भगोड़ा घोषित किया था और मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था। हाल ही में क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल अजय को सूचना मिली थी कि भगोड़ा हरि नगर, सोहना में आने वाला है। टीम गठित की गई और जाल बिछाते हुए उसे सोहना से दबोच लिया गया।

### डीयू से की एमएससी और एम.फिल

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जगन्नाथ मिश्रा कालेज, मुजफ्फरपुर, बिहार से 12वीं तक की पढ़ाई के बाद वह 2009 में दिल्ली आ गया था। उसने वर्ष 2012 में किरोड़ीमल कॉलेज से बीएससी (ऑनर्स) की थी। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से ही एमएससी और एम.फिल (कैमिस्ट्री) किया। इसने दो साल तक जेनपैक्ट कॉल सेंटर में काम किया। आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते 2017 में इसने बैंक ऑफ इंडिया, थाना पुपरी, जिला सीतामढ़ी, बिहार में अकेले ही लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने बैंक में लूट के लिए ऐसे पटाखे का उपयोग किया जिससे पूरे बैंक में धुआं फैल गया था। इसने मिथाइल एसीटेट और बेंजीन मिलाकर एक स्मोक बम तैयार किया था। पिस्टल के बल पर बैंक से लगभग 3.60 लाख रुपये की नकदी लूटी गई थी। आरोपी वहां से एक बस में सवार हुआ और लूटी गई नकदी के साथ दिल्ली आया था। मामला उजागर हुआ और बाद में बिहार पुलिस ने इसकी पहचान कर इसे बुराड़ी से गिरफ्तार किया था। मुकदमे के दौरान इसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था और कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए वह फिर फरार हो गया था। वर्तमान में आरोपी सोहना स्थित ग्लासी गेज फर्म में इंटीरियर डिजाइनर के रूप में कार्यरत था।

---

## कुख्यात गैंगस्टर राशिद केबलवाला अजरबैजान में किया गिरफ्तार



- भारत लाने की चल रही है तैयारी
- हासिम बाबा गिरोह से है संबंध
- नादिर शाह हत्याकांड में आया था नाम सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस का वांटेड कुख्यात गैंगस्टर राशिद केबलवाला कथित तौर पर अजरबैजान में पकड़ा गया है। वह दिल्ली में कई हत्याओं में शामिल रहा है। ग्रेटर कैलाश में चर्चित नादिर शाह हत्याकांड में भी इसका नाम सामने आया था। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली में भी डबल मर्डर में इसका नाम उछला था। पुलिस सूत्रों के अनुसार राशिद को इस्तांबुल से अजरबैजान पहुंचने पर हिरासत में लिया गया। भारतीय एजेंसियां उसे इंडिया लाने की तैयारी कर रही हैं। केबलवाला का संबंध हाशिम बाबा गिरोह से बताया जाता है। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

गौरतलब है कि केबलवाला दिल्ली पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। सूत्रों से पता चला कि उसे बाकू के हैदर अलीयेव अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने यात्रा दस्तावेजों में विसंगतियों के चलते हिरासत में लिया था। राशिद लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट से भी जुड़ा है। पिछले साल सितंबर में ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 में व्यवसायी नादिर शाह की हत्या में उसका नाम सामने आया था। गत वर्ष ही दिवाली की रात पूर्वी दिल्ली में हुए दोहरे हत्याकांड में भी उस पर आरोप लगे थे। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर में व्यवसायी सुनील जैन की हत्या में भी उसका नाम सामने आया था। तभी से केबलवाला दिल्ली पुलिस की वांटेड लिस्ट में शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिल्ली पुलिस द्वारा 2021 में गिरफ्तारी के एक साल बाद ही केबलवाला देश छोड़कर भाग गया था। राशिद की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

---

# पंजाब का क्रिप्टो स्कैमर शाहदरा पुलिस के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने पंजाब के आठवीं कक्षा पास क्रिप्टो स्कैमर को पकड़ा है। इस पर ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर एक शख्स से 55 हजार रुपये की ठगी का भी आरोप है। इसके पास से तीन मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड और छह सिम कार्ड बरामद हुये।

पुलिस के अनुसार संगम यादव पुत्र गोरखनाथ यादव निवासी 15, प्रताप खंड, विश्वकर्मा नगर, शाहदरा के बयान पर 5 अक्टूबर को इसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आरोप लगाया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। जैसे ही उन्होंने उस विज्ञापन पर क्लिक किया, टेलीग्राम ग्रुप का एक पेज खुला जिसका नाम आरावी (रिसेप्शनिस्ट) था। दावा किया गया कि वह VIMERSE कंपनी की कर्मचारी हैं। इसके अलावा वह टाइमली इन्फॉर्मेशन नामक एक ग्रुप में शामिल हो गया। इसके अलावा उन्होंने उसे कुछ कार्य करने के निर्देश दिए। शुरुआत में उसे रेटिंग कार्य दिया गया था। इसके एवज में 150 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। इसके बाद उसे आगे भुगतान वाला कार्य भेजा। इससे पहले शिकायतकर्ता से यूपीआई के माध्यम से कुल 55100 रुपये जमा करवाये। लेकिन जब उसने राशि निकालनी चाही, तो उन्होंने उसे और पैसे जमा करने के लिए कहा। तब शिकायतकर्ता को ठगी का एहसास हुआ। जांच टीम ने मनी ट्रेल के विवरण का विश्लेषण किया। बैंक को मेल भेजे गए और यह पता चला कि जगरोआं, लुधियाना, पंजाब में पेट्रोल पंप से 29500 रुपये की अदला-बदली की गई थी। सीडीआर का विश्लेषण किया गया और मोबाइल लोकेशन के आधार पर सुखप्रीत सिंह नामक एक आरोपी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह एक टेलीग्राम समूह में शामिल था। वह लोगों से 94-98 रुपये प्रति यूएसडीटी खरीदकर आगे समूह में 105 रुपये प्रति यूएसडीटी बेचता था। बाद में यूएसडीटी के बदले में उसे आईएनआर प्राप्त होता था। उसका खाता फ्रीज कर दिया गया था। इसलिए उसने एटीएम से उस पैसे को निकालने और पेट्रोल पंप से स्वैप करने के लिए विभिन्न खातों का इस्तेमाल किया। दो दिन की पीसी रिमांड के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

---

### कांग्रेस के डीएनए में आज भी पंजाब विरोधी नीतियां जिंदा है: सिसोदिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के डीएनए में आज भी पंजाब विरोधी नीतियां और संवेदनहीन मानसिकता है जिंदा है। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कही। सिसोदिया ने सिख दंगे के गुनाहगार जगदीश टाइटलर को अपने साथ घुमाने और इन नेताओं को बड़े-बड़े पदों पर बैठने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने बार-बार पंजाब की भावनाओं को आहत किया है और अपनी गलतियों से कभी सबक नहीं सीखा। अगर वाकई सबक लिया होता, तो आज भी राहुल गांधी के साथ 1984 के दंगों के गुनहगार जगदीश टाइटलर न खड़े होते। राहुल गांधी के हर कार्यक्रम में टाइटलर की मौजूदगी यह साबित करती है कि कांग्रेस के लिए पंजाब के घावों की कोई अहमियत नहीं। कमलनाथ जैसे नेता, जिन पर 1984 के दंगों में गंभीर आरोप लगे थे, उन्हें भी कांग्रेस ने मुख्यमंत्री और अन्य बड़े पदों से नवाजा।

---

# निगम आयुक्त ने कभी भी आमने-सामने नहीं की बैठक : यूनियन

- अधिकारियों और एमटीएस कर्मियों के साथ हो सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम आयुक्त ने कभी भी अपने अधिकारियों और एमटीएस कर्मियों के साथ आमने-सामने बैठक नहीं की, जिसके चलते असल समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। अगर एक बार हकीकत सामने रखी जाए, तो पता चल जाएगा कि गलती किसकी है - एमटीएस कर्मियों की या फिर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन (रजि) के महासचिव देवानंद शर्मा ने रविवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थल से यह बयान जारी किया।

बता दें कि निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर लगातार चौदह दिन से एमटीएस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। यूनियन के महासचिव शर्मा और हड़ताली कर्मियों ने निगम प्रशासन पर गैर-गंभीरता और दोहरे व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि वे अब तक झूठे आश्वासनों और टालमटोल के शिकार होते रहे हैं। महापौर और निगमायुक्त को जल्द से जल्द हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार करना चाहिए।




### हड़ताल का असर जन स्वास्थ्य सेवाओं पर भी

विपक्षी दल आम आदमी पार्टी, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी, कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि निगम के इन कर्मियों की हड़ताल का असर जन स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ रहा है, खासकर उस समय जब दिल्ली में डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ रहे हैं। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि जनहित में यह जरूरी है कि निगम प्रशासन जल्द से जल्द कर्मियों से संवाद स्थापित कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

### जब तक न्याय नहीं, तब तक जारी रहेगा संघर्ष

हड़ताली एमटीएस कर्मियों का कहना है कि जब तक उनके हित में कोई न्यायोचित आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। निगम मुख्यालय के बाहर हड़ताल पर बैठे कर्मियों ने कहा कि वे अपने परिवार और बच्चों की दो वक्त की रोटी के लिए लड़ रहे हैं। प्रशासन की ओर से कोई समाधान न निकलने से वे निराश हैं, लेकिन उनका मनोबल टूटा नहीं है।

---

# चोरी की 440 किलो काजू के साथ चार धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिले की न्यू अशोक नगर पुलिस ने चोरी की 440 किलो (44 बाल्टी) काजू के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध में इस्तेमाल टेंपो भी जब्त किया गया है। पकड़े गये चारों आरोपियों के नाम सागर खान, मुकेश साहू, सचिन और नितिन गुप्ता है। गुप्ता चंदर विहार, मंडावली का रहने वाला है और किराना स्टोर का मालिक है।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार न्यू कोंडली स्थित एक दुकान के गोदाम से लगभग 600 किलो वजन के 60 बाल्टी काजू चोरी हुये थे। यह मामला 5/6 अक्टूबर की मध्यरात्रि को सामने आया था। दुकान मालिक की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। जांच एसआई विनय कुमार को सौंपी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि चोरी किए गए काजू हाल ही में उसके गोदाम में रखे गए थे, जहां अगली सुबह ही चोरी हो गये। टीम ने सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया और चोरों के भागने के रास्ते पर नजर रखी। फुटेज से पता चला कि बिना नंबर प्लेट वाला एक टेम्पो गोदाम में आया, जिसमें तीन लोग भागने से पहले चोरी की गई काजू की बाल्टियां लाद रहे थे। आगे के फुटेज में टेम्पो चालक को घरोली डेयरी फार्म पर नंबर प्लेट हटाते हुए पाया गया। टेम्पो के मालिक का नाम मुकेश साहू पता चला। पूछताछ के दौरान मुकेश ने खुलासा किया कि चोरी की योजना उसी दुकान के एक कर्मचारी सागर खान ने बनाई थी, जिसके पास गोदाम की चाबियां थी। उसने सचिन के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया और बाद में काजू को टेम्पो में भरकर ले गया। 60 बाल्टियों में से 40 सागर खान के गांव महरौनी, अलीगढ़ ले जाई गई, जबकि बाकी 20 बाल्टियां मंडावली, चंदर विहार के एक दुकानदार को बेच दी गई। इस खुलासे के आधार पर सचिन को घरोली गांव से गिरफ्तार किया गया और बाद में सागर खान को भागने की कोशिश करते हुए रेड फॉक्स होटल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ के बाद गांव में छापेमारी कर 39 बाल्टियां (390 किलो) काजू बरामद हुए। एक दिन की पुलिस हिरासत के दौरान, चंदर विहार में एक और छापेमारी में दुकान मालिक नितिन गुप्ता से 5 और बाल्टियां (50 किलो) काजू बरामद हुए। इसने बाकी बाल्टियां ग्राहकों को बेचने की बात स्वीकार की। मामाले में आगे की जांच जारी है।

---

# जैन मंदिर से 40 लाख रुपये मूल्य का कलश चोरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक जैन मंदिर के शिखर से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का सोने की परत चढ़ा कलश कथित तौर पर चोरी हो गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गई और चोरी के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति को कथित तौर पर सोने की परत वाले कलश को चोरी करने के बाद मंदिर परिसर के एक खंभे से नीचे उतरते हुए देखा जा सकता है, जबकि एक अन्य वीडियो में उसे अंधेरे में कलश ले जाते हुए दिखाया गया है। यह घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि में घटी, जब क्षेत्र के अधिकांश निवासी करवा चौथ के उत्सव में व्यस्त थे। पुलिस के अनुसार, चोरी किया गया कलश, 'अष्टधातु' (आठ धातुओं का मिश्रण) से बना था और कई साल पहले मंदिर के ऊपर स्थापित किया गया था। इसमें लगभग 200 ग्राम सोना था और इसकी अनुमानित कीमत लगभग 35-40 लाख रुपये है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी की पहचान करने और उसे पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। उसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। लाल किले के पास तीन सितंबर को एक जैन धार्मिक जुलूस के दौरान, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए थे, सोने की तीन धार्मिक वस्तुएं—एक बड़ी झारी (कलश), एक जग और एक बरियाल (बर्तन) चोरी हो गए थे जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये बताई गई है। दिल्ली पुलिस ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पिछले दो महीनों में जैन अनुष्ठान सामग्री की चोरी की यह दूसरी घटना है। ज्योति नगर जैन मंदिर के उपाध्यक्ष प्रियांक जैन ने कहा कि जैन समुदाय इस घटना से बहुत आहत है। हमारे मंदिरों को सुरक्षित रखा जाना चाहिए ताकि भक्त शांति से प्रार्थना कर सकें। थाना प्रभारी ने हमें आश्वासन दिया है कि चोरी हुआ कलश जल्द ही बरामद करके मंदिर को सौंप दिया जाएगा। ज्योति नगर दिगंबर जैन मंदिर के पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि पुलिस खासकर डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी व्यक्तिगत रूप से मामले पर नजर रख रहे हैं। कलश का हमारे लिए बहुत आध्यात्मिक महत्व है और पुलिस हमें नियमित रूप से जानकारी दे रही है। हमें उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है।

---

## पीड़ित कर्मियों की नहीं सुन रहा प्रशासन

# 'मिशन वात्सल्य योजना' के कर्मियों के साथ हो रही मनमानी

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के 'मिशन वात्सल्य योजना' के अंतर्गत संविदा पर पिछले करीब चार माह से लेकर 12 वर्ष तक कार्यरत करीब 125 कर्मियों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 'मिशन वात्सल्य योजन' के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों ने विभागीय मनमानी के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है। इन कर्मियों ने आरोप लगाया है कि विभाग के विशेष निदेशक द्वारा पहले से नियुक्त कर्मियों के लिए अब 'अनुचित लिखित परीक्षा एवं प्रवीणता परीक्षण' कराने की योजना बनाई जा रही है, जो पूरी तरह से 'अवैधानिक और मनमानी' है।

कर्मियों ने कहा है कि हम सबका चयन विभाग की पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ था। स्क्रीनिंग, इंटरव्यू और चयन समिति द्वारा मूल्यांकन के बाद ही हमें नियुक्ति मिली है। अब चार महीने बाद नई परीक्षा लेना न केवल अनुचित है बल्कि विभागीय नीयत पर भी सवाल खड़ा करता है। कर्मियों ने इस कदम को 'मनमाना, संदिग्ध और भ्रष्टाचार पूर्ण प्रयास' बताया है। उनका कहना है कि पहले से नियुक्त कर्मियों पर इस प्रकार की परीक्षा थोपना उनके मानसिक शोषण और नौकरी से हटाने की साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है।

### मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से हस्तक्षेप की मांग

कर्मियों ने शिकायत पत्र में यह भी आशंका जताई है कि यह पूरी नई प्रक्रिया कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने, मौजूदा कर्मियों को हटाकर पसंदीदा लोगों को नियुक्त करने और दबाव डालने की कोशिश हो सकती है। यह न केवल भ्रष्टाचार है, बल्कि सेवा में लगे ईमानदार कर्मियों के साथ अन्याय भी है। कर्मियों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और विभागीय सचिव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### विभागीय सचिव ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया

नौकरी से निकाले जाने को डरे हुए कर्मियों की समस्या के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव रश्मि सिंह से फोन, ई-मेल और व्हाट्सएप पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन उनकी तरफ से इस संबंध में कोई मीडिया प्रतिक्रिया नहीं मिली।

---

## सरकार बदलते ही ऑटो वालों का शोषण हो गया शुरू : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** सरकार बदलते ही एक अब बार फिर ऑटो वालों का शोषण शुरू हो गया है। यह बातें रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऑटो विंग के दिवाली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय पर ऑटो वालों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑटो वाले भाइयों से मेरा रिश्ता बहुत पुराना और दिल से जुड़ा है। उनसे मिलकर हमेशा एक अपनापन महसूस होता है। आप सरकार में ऑटो वालों को कई सहूलियतें और छूट दी गई। हमने ऑटो वालों के लिए बहुत काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार बदलते ही एक अब बार फिर ऑटो वालों का शोषण शुरू हो गया है। इन्होंने चुनाव के दौरान ऑटो वालों को सात सौगातें देने का वादा किया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस दौरान आप दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज समेत ऑटो विंग के पदाधिकारी मौजूद रहे। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव से पहले इन्होंने ने झुग्गी वालों को अनेक प्रलोभन दिए, लेकिन आज झुग्गी वाले सड़कों पर हैं। इन्होंने 'जहां झुग्गी, वहां मकान' का वादा किया था, लेकिन सरकार बनाते ही 'जहां झुग्गी, वहां मैदान' बना दिया है। केजरीवाल ने कहा कि अब थोड़ा इंतजार करना होगा, फिर ऑटो वाले आम आदमी पार्टी की सरकार वापस लाएंगे। उन्होंने सभी ऑटो चालक भाइयों को दीपावली और आने वाले सभी त्योहारों की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

### फिटनेस और खेल बन गए हैं दिल्लीवालों की जीवनशैली का हिस्सा : रेखा गुप्ता

# वेदांता हाफ मैराथन : दिल्ली की सड़कों पर दिखा फिटनेस और जोश का नजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर रविवार सुबह फिटनेस और जोश का नजारा देखने को मिला। दरअसल रविवार सुबह दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का 20वां संस्करण शुरू किया गया। इस मैराथन में 40 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान सड़कों पर सुबह संगीत, नारों और दौड़ते कदमों की आवाज गूंज उठी। इस वेदांता हाफ मैराथन की शुरुआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मैराथन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जाहिर करते हुए इसे समाज में बढ़ती



जागरूकता और समान अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक संकेत बताया। मुख्यमंत्री ने मंच से सभी प्रतिभागियों का अभिवादन किया और हाथ हिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लिए रविवार की सुबह अत्यंत ऊर्जा और उत्साह से भरी रही। इस हाफ मैराथन में युवाओं और विशेषकर महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखकर गर्व की अनुभूति होती है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में दृढ़ निश्चय, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता जैसी गुणों का विकास होता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिटनेस मूवमेंट की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान देशभर में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता को नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार भी 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के संकल्प के साथ राजधानी के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य, ऊर्जा और आत्मविश्वास से परिपूर्ण जीवन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर उनके साथ उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान और दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी मौजूद थे। पहली बार तीनों सेनाओं के प्रमुख अधिकारी थलसेना, वायुसेना और नौसेना के वरिष्ठ अफसर भी इस दौड़ में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी दौड़ में भाग लिया और उनके बेटे ने 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

## 'दिल्ली मेट्रो का नवीकरणीय ऊर्जा के इंतजाम पर जोर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ऊर्जा के क्षेत्र आत्मनिर्भरता की तरफ एक ओर कदम बढ़ा दिया है। जिसके तहत दिल्ली मेट्रो अपनी जरूरत की बिजली की जरूरतों का 60 प्रतिशत खुद ही पूरा करेगी। यह दिल्ली मेट्रो का एक बड़ा कदम है जिसके तहत लिए नवीकरणीय ऊर्जा से 500 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इसको लेकर डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने जानकारी दी। दयाल ने बताया कि वर्तमान में डीएमआरसी अपनी 33 प्रतिशत बिजली की मांग को रीवा सोलर पार्क और रूफटॉप प्लांट से पूरा कर रही है।

लेकिन आने वाले समय में 60 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने वाली डीएमआरसी भारत की पहली मेट्रो रेल परियोजना का रुतबा हासिल कर लेगी। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी का 60 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय ऊर्जा से 500 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए निविदा आमंत्रित की है, जिसके तहत अगले 25 साल का बिजली खरीद समझौता होगा। अभी बिजली माँग का 33 प्रतिशत हिस्सा पूरा करने के लिए रीवा सोलर पार्क से सालाना लगभग 350 मेगावाट और एलिवेटेड स्टेशनों पर रूफटॉप प्लांट से लगभग 40 मेगावाट बिजली हासिल की जा रही है। नए लक्ष्य के तहत इसे बढ़ाकर 890 मेगावाट तक पहुंचे की तरफ कार्य शुरू हो रहा है। दयाल के अनुसार, एक सौर ऊर्जा डेवलपर का चयन करने के लिए निविदा जारी की गई है, जो दिल्ली-एनसीआर को प्रति वर्ष 500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति करने के लिए भारत में कहीं भी ग्रिड से जुड़ा कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) स्थापित करेगा। नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) बिजली के लिए बोलियां आमंत्रित करने का प्राथमिक उद्देश्य अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को मौजूदा 33 प्रतिशत से बढ़ाकर अपनी कुल ऊर्जा आवश्यकता यानी चरण चार नेटवर्क विस्तार सहित का 60 प्रतिशत से अधिक करना है।

## मंत्री, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहकारी बैंकों में खुलेंगे खाते : इंद्राज

नई दिल्ली। मंत्रियों से लेकर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने खाते सहकारी बैंकों में खुलवाएंगे, ताकि सहकारी बैंकों के प्रति विश्वास और सहभागिता का मजबूत उदाहरण स्थापित हो सके। इस बात की घोषणा रविवार को दिल्ली के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा और दिशा दी जाएगी। वहीं उन्होंने अगले महीने सहकारिता सप्ताह से जुड़े आयोजनों की जानकारी भी दी। मंत्री इंद्राज ने इस अवसर पर उन्होंने बैंक के अध्यक्ष, निदेशक मंडल और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सहभागिता का जीवन मंत्र है। इसके जरिये दिल्ली सरकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में अंत्योदय का लक्ष्य हासिल कर आत्मनिर्भर भारत और विकसित दिल्ली निर्माण का संकल्प पूरा करेगी। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने दिल्ली के 12 प्रमुख सहकारी बैंकों के अध्यक्षों एवं निदेशकों के साथ विस्तृत बैठकें की हैं। इन बैठकों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं और आवश्यक सुधार जैसे विषयों पर चर्चा हुई है।



## वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान अब जन-जन का अभियान : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान के तहत रविवार को नई दिल्ली व महरौली जिला में आयोजित हुए। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान अब जन जन का अभियान बनता जा रहा है। राहुल गांधी द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद लोग भाजपा की असलियत को पहचान गए है। यही कारण है कि अब दिल्ली में आयोजित हो रहे हस्ताक्षर अभियान में आम जनता बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र में एक अपराध है जिसके द्वारा भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर देश की जनता के संवैधानिक वोट देने के अधिकार पर प्रहार किया है। लेकिन राहुल गांधी ने सीधा संवाद करके अभी सिर्फ दो विधानसभाओं का उदाहरण पेश किया है, जिससे भाजपा की वोट चोरी के षड्यंत्र पर चुनाव आयुक्त द्वारा सामने आकर टिप्पणी करने के बाद वोट चोरी का षड्यंत्र साबित हो गया है।

## दिल्ली में इस साल अब तक 199 दिन हवा रही साफ : सिरसा

**नई दिल्ली।** साल 2016 के 110 के मुकाबले प्रदूषण के लिहाज से दिल्ली में इस साल अब तक 199 दिन साफ रहे, जबकि अभी साल में तीन माह बाकी है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने रविवार को दी है। उन्होंने कहा कि यह लगभग 100 प्रतिशत सुधार है और राजधानी को उसके अब तक के सबसे बेहतर प्रदर्शन की ओर ले जा रहा है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रभावी नेतृत्व क्रियान्वयन को दिया। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह उपलब्धि दिखाती है कि जब नीतियों को जमीनी स्तर पर अमल और तकनीक से जोड़ा जाए, तो बदलाव केवल कागजों पर नहीं, हवा में भी नजर आता है। सिरसा ने कहा कि यह सिर्फ मौसम का असर नहीं, बेहतर मेहनत का नतीजा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली ने अब कागजी वादों से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी-आधारित परफॉर्मेंस को अपनाया है।

## डीडीए ने लगाया सिंगल विंडो कैंप, पीएम उदय योजना के तहत लोगों ने दिखाए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने प्रधानमंत्री-अनधिकृत कॉलोनी दिल्ली आवास अधिकार योजना पीएम - दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनी आवास अधिकार योजना (पीएम-उदय) के तहत रविवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में सिंगल विंडो कैंपों का आयोजन किया। इन कैंपों में अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले सैंकड़ों लोगों ने अपने आवास से जुड़े दस्तावेजों की जांच कराई। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अपनी संपत्ति पर स्थाई अधिकार पाने के लिए पीएम-उदय योजना के तहत सिंगल विंडो कैंप फेज-2 का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार 12 अक्टूबर 2025 को 10 अलग अलग जगहों पर सिंगल विंडो कैंप लगाए गए। इनमें मौजूद डीडीए के अधिकारी आवेदन प्रक्रिया पूरी करने और अधूरे दस्तावेजों को अपडेट करने में लोगों की सहायता कर रहे है। उन्होंने बताया कि फ्लोरा गार्डन, अमृत विहार, ए ब्लॉक, नथुपुरा बुराड़ी, डीडीए कम्युनिटी हॉल द्वारका सेक्टर-2 भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज के पास, जाटों वाली चौपाल शिव मंदिर ओल्ड एम.बी रोड लाडो सराय, कनक रेजीडेंसी एफ ब्लॉक, 40 फुटा रोड गंगा विहार गोकलपुरी, नीलकंठ धर्मशाला हाउस नंबर 203 शिव मंदिर के पास प्रताप विहार भाग वन किराड़ी, वेदांता ग्रीन्स शिवाजी मार्ग हरि विहार सेक्टर 16ए ककरोला, भलस्वा गुरुद्वारा गली नंबर 1 गुरु नानक देव कॉलोनी भलस्वा डेयरी, डीडीए कैंप कार्यालय मयूर विहार पीएच 2 मयूर विहार बस डिपो के सामने, यादव चैरिटेबल ट्रस्ट प्लॉट नंबर 8 मुख्य खेड़ा रोड नजफगढ़ और यादी ऑर्किड गार्डन पहली 60 फीट रोड मोहन बाबा नगर ताजपुर पहाड़ी मोलरबंद बदरपुर में कैंप आयोजित किए गए।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

खबर संक्षेप

## किसान संघर्ष समिति नहरपार बैठक आयोजित

**फरीदाबाद।** किसान संघर्ष समिति नहरपार की मीटिंग प्रधान जगबीर सिंह की अध्यक्षता में रसंपन्न हुई।



मीटिंग में किसानों ने अपनी समस्या बताई एवं विचार रखें। अधिकतर किसान इनकम टैक्स विभाग से नोटिस आने से परेशान थे। जिसमें किसानों से पैसे के आय और व्यय के बारे में पूछा गया है। किसानों की जमीन अधिग्रहण मुआवजा का पैसा है और एक नंबर का पैसा है ब्याज पर टीडीएस काटा है।

## एचएसवीपी मार्केट में पार्किंग निर्माण शुरू

**फरीदाबाद।** सेक्टर-3 एचएसवीपी मार्केट में लंबे समय से प्रतीक्षित पार्किंग निर्माण कार्य का शुभारंभ



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा द्वारा किया गया। भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने कहा कि पार्किंग सुविधा बनने से स्थानीय दुकानदारों और आने.जाने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा मार्केट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी सुचारु होगी।

## भारती व नवदीप चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान

**फरीदाबाद।** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट व नवदीप चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से एक रक्तदान एवं



स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में रक्तदान के साथ एचआईवी जांच, नेत्र जांच, दांतों एक्स-रे, बीपी और शुगर जांच की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में बीके सिविल अस्पताल सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया।

## इको वैन ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी थाना क्षेत्र में इको वैन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-



पत्नी घायल हो गए, जबकि उनका 13 वर्षीय बेटा चोट लगने बच गया। महिला को गंभीर चोट के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका नमिता गोयल पति रोहित गोयल व 13 साल के बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर आइसक्रीम खाने के लिए गई थी।

## लिंक पर न क्लिक किया खाते से कटे एक लाख

**गुरुग्राम।** एक युवक के बैंक खाते से जालसाजों ने एक लाख रुपए निकाल लिए हैं, जबकि उसने न तो




किसी लिंक पर क्लिक किया और न ही कोई ओटीपी आया। पीड़ित की शिकायत पर थाना दक्षिण में एफआईआर दर्ज की है। अनिल कुमार ने दी शिकायत में बताया कि उसके पास 15 हजार रुपए कटने का मैसेज आया। इसकी कुछ देर बाद फिर से 85 हजार रुपए डेबिट होने का मैसेज मिला।

## संदिग्ध मैसेज के बाद खाते से कटे 75 हजार

**गुरुग्राम।** जलसाजों ने एक महिला के बैंक खाते से 75,360 रुपए निकालकर धोखाधड़ी की है।




बैंक खाते से रुपये निकलने से पहले उसके पास संदिग्ध मैसेज आए थे। पीड़िता ने किसी भी व्यक्ति से अपना बैंक खाता विवरण या ओटीपी साझा नहीं किया। विम्मी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह अक्तूबर को उसके एचडीएफसी बैंक खाते से 75,360 रुपए अनधिकृत रूप से डेबिट हो गए।

# सभी कर्मियों का हो ड्रेस कोड एवं सुरक्षा मानकों का किया जाए अनुपालन

### पार्क की सुविधाओं को एक सप्ताह में ठीक कराते हुए रिपोर्ट करने का निर्देश

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पार्क में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा वहां उपस्थित आगन्तुकों से संवाद किया। आगन्तुकों ने बताया कि पार्क की अधिकांश सुविधाएं उत्तम स्थिति में हैं, परंतु बैठने के लिए कुछ अतिरिक्त बेंच लगाए जाने से नागरिकों को और सुविधा होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण(जीडीए)उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने रविवार को संजय नगर स्थित शिल्प उद्यान पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क की सभी सुविधाओं को एक सप्ताह मे ठीक कराते हुए रिपोर्ट करने का निर्देश दिए। संजय नगर कॉलोनी का हस्तांतरण नगर निगम को किया जा चुका है, किंतु शिल्प उद्यान पार्क अब भी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नियंत्रण एवं रखरखाव में है।

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पार्क में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा वहां उपस्थित आगन्तुकों से संवाद किया। आगन्तुकों ने बताया कि पार्क की अधिकांश सुविधाएं उत्तम स्थिति में हैं, परंतु बैठने के लिए कुछ अतिरिक्त बेंच लगाए जाने से नागरिकों को और सुविधा होगी।

### कार्य की गुणवत्ता के साथ श्रमिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने के निर्देश



इस पर उपाध्यक्ष ने उद्यान प्रभारी को निर्देशित किया कि पार्क की सभी सुविधाओं का पुनः परीक्षण (रिव्यू) किया जाए तथा लाइटों, बैठने हेतु बेंचों एवं सौन्दर्यीकरण से संबंधित सभी आवश्यक कार्य अगले एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पार्क में कार्यरत सभी कर्मचारी उचित वर्दी (ड्रेस-अप) में रहें तथा सभी सुरक्षा मानकों एवं सावधानियों का पालन करें, ताकि कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ श्रमिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है, ताकि गाजियाबाद की हर योजना में बेहतर जीवन-पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### सिंगल यूज प्लास्टिक बहिष्कार अभियान

# जागरूकता के बावजूद पकड़ी गई 10 टन पॉलिथीन, रेत मंडी प्लांट पर भेजा गया

*नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के दिशा निर्देशों में नगर निगम व जीएसटी की टीम ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया। जिसमें 50टन सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। स्वास्थ्य विभाग की टीम जागरूकता अभियान भी मोहन नगर जोन में जीएसटी की टीम के साथ नगर निगम टीम ने अभियान चलाया जिसमें 10 टन पॉलिथीन से भरा हुआ बड़ा ट्रक पकड़ा गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के दिशा निर्देशों में नगर निगम व जीएसटी की टीम ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया। जिसमें 50टन सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। स्वास्थ्य विभाग की टीम जागरूकता अभियान भी मोहन नगर जोन में जीएसटी की टीम के साथ नगर निगम टीम ने अभियान चलाया जिसमें 10 टन पॉलिथीन से भरा हुआ बड़ा ट्रक पकड़ा गया जिसको नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश तथा अन्य संबंधित टीम के साथ अभियान चलाते हुए पकड़ा गया।



*समाधान के लिए जड़ तक जाकर कार्यवाही*

*आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है*



### 10 टन पॉलिथीन रेत मंडी प्लांट पर भेजा

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार प्लास्टिक मुक्त अभियान चला रहा है। जिसके क्रम में 11 अक्टूबर को सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा हुआ ट्रक पकड़ा जिसमें 40 बैग पकड़े गए लगभग 10 टन पॉलिथीन पाई गई जिनको रेत मंडी प्लांट पर भेजा गया। इसी के साथ अभियान जारी रखते हुए जीएसटी व निगम की टीम गोदाम तक पहुंची। जहां पर स्वास्थ्य विभाग टीम के द्वारा पॉलिथीन से भरा हुआ गोदाम सील कर दिया गया है जिसमें लगभग 40 टन पॉलिथीन होने की आशंका है, संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसी के साथ अन्य स्थानों पर भी छापा करने की कार्यवाही की जा रही है।

**महापौर के निर्देश पर प्लास्टिक गोदाम पर छापा**

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यवाही कर रहे हैं। नगर आयुक्त के दिए गए निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्लास्टिक के गोदाम पर भी छापा मारा 50 टन पॉलिथीन जप्त की गई, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि समाधान के लिए जड़ तक जाकर कार्यवाही करना बेहद जरूरी है, जिसके क्रम में गाड़ी पकड़ने के बाद गोदाम तक की कार्यवाही की गई।

### दोनों अस्पताल में भर्ती

## इनेलो नेता पर छोटे भाई का जानलेवा हमला,पत्नी भी घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष पोरस डागर पर उनके ही छोटे भाई अजीत डागर ने रविवार सुबह जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पोरस डागर और उनकी पत्नी भावना डागर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना फरीदाबाद के झाड़सेतली गांव की बताई जा रही है।

पोरस डागर अपने घर पर पूजा कर रहे थे। तभी उनके छोटे भाई अजीत डागर अपनी कार में करीब 8 से 10 लोगों के साथ उनके घर के बाहर पहुंचा और कहासुनी के बाद हमला कर दिया। हालांकि, मामले में पुलिस को किसी ने शिकायत नहीं की है।

**दोनों भाइयों के बीच कहासुनी**

दरअसल, पोरस डागर का भाई उनके घर के बाहर खड़े होकर तेज आवाज में चिल्लाने और गाली-गलौज करने लगा। आवाज सुनकर पोरस डागर की पत्नी भावना बाहर आईं, तो अजीत ने उनके साथ अभद्र भाषा में बात करनी शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर पोरस नीचे आए और दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

**एक हथौड़ा लेकर आया अजीत**

इसी दौरान अजीत कार की तरफ गया और वहां से एक हथौड़ा लेकर वापस आया। उसने पोरस पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं। साथ ही अजीत के साथ आए कुछ लोगों ने पोरस की पत्नी भावना के साथ मारपीट की। पूरी घटना सुबह 9 बजे के आसपास झाड़सेतली गांव में हुई।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात**

पोरस डागर ने बताया कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अजीत ने इस तरह का हमला क्यों किया। परिवार में किसी तरह का झगड़ा या विवाद नहीं था। उन्होंने कहा कि अगस्त में उनके बीच वाले भाई की ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई थी लेकिन सबसे छोटे भाई ने हमला क्यों किया, यह किसी को नहीं पता। पोरस ने बताया कि घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई है, जिसमें अजीत और उसके साथी हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### 1 देशी कट्टा,2 कारतूस,1 चाकू बरामद

## कैब चालक के साथ मारपीट लूटपाट के मामले में दो 3 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पटौदी थाना पुलिस को दो दिन पहले पुलिस ने सूचना पटौदी बाइपास से एक कैब ड्राइवर के साथ मारपीट कर गाड़ी व मोबाइल लूटने को लेकर मिली। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई कैब पर मोबाइल को भी बरामद कर लिया है।

सूचना के बाद पटौदी थाना पुलिस मौके पर पहंची और पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया 9 अक्टूबर की रात को उसे सेक्टर-12 से पटौदी रोड के लिए बुकिंग मिली तो वह सेक्टर-12 से पांच लोगों को गाड़ी में पटौदी की तरफ चल दिया। जब वह अलसुबह 4.40 बजे पटौदी बाइपास पहुंचा तो ड्राइवर सीट के पास बैठे युवक ने उसे कहा कि उल्टी आ रही है तो उसने गाड़ी साइड में रोक दी। तभी पीछे बैठे लड़कों ने इसको चाकू व पिस्टल दिखाकर उसको गाड़ी से धक्का देकर गाड़ी व मोबाइल लूट ले गए।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गांव जाटौली गुरुग्राम से काबू किया है। बालिग आरोपी की पहचान मोसूद (19 वर्ष) उत्तर दिनाजपुर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में बतरसर कि आरोपी नशा करने के आदि हैं।

पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू व छीनी गई कार व मोबाइल बरामद कर लिया है।

## गाजियाबाद में चला जीडीए का बुलडोजर,10 बीघा पर काटी जा रही कॉलोनियां जमींदोज

*ध्वस्तीकरण कार्रवाई का मजाक बना रहे कॉलोनाइजर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एगाजियाबाद विकास प्राधिकरण के जोन-एक के गांव अटोर नंगला में अवैध रूप से 10 बीघा जमीन पर विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी पर बुलडोजर से निर्माण को ध्वस्त किया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण वीसी अतुल वत्स के निर्देश अटौर नंगला में अवैध रूप से प्लाटिंग कर विकसित की जा रही कॉलोनी में निर्माण को ध्वस्त किया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार खेती की भूमि पर इंटरलाकिंग टाइल्स लगायी गई थीं, जिन्हें बुलडोजर से उखाड़कर ध्वस्त किया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने विरोध किया, लेकिन प्रवर्तन टीम के साथ मौजूद



पुलिसबल ने विरोध कर रहे लोगों को मौके से खदेड़ दिया।

इस दौरान उन्हें चेतावनी दी गई कि फिर से प्लाटिंग करने पर कडी कार्यवाही की जाएगी। अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदने वालों से अपील की गई कि ऐसा करने पर उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

उधर मोदीनगर में कॉलोनाइजर जीडीए की ध्वस्तीकरण कार्रवाई का मजाक बना रहे हैं। कॉलोनाइजरों को जीडीए की कार्रवाई का डर नहीं है। ध्वस्तीकरण के बाद खुद निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं। तीन दिन पहले भी ध्वस्तीकरण के बाद निर्माण का एक वीडियो वायरल हुआ था।

### पुलिस ने कार चालक को पकड़ा

## तेज रफ्तार कार ने चाय वाले को कुचला दिया, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी-3 क्षेत्र में रविवार की तडक़े एक सड़क हादसे में चाय की रेहड़ी लगाने वाले एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय महतो के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे और एनआईटी-3 में अपने परिवार के साथ रहते थे। वह पिछले कई वर्षों से प्राची अस्पताल के बाहर चाय की रेहड़ी लगाकर अपना जीवनयापन कर रहे थे।

रविवार की सुबह करीब तीन बजे अजय महतो रोजाना की तरह अपनी रेहड़ी लगाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने चाय का सामान रेहड़ी पर रख ही रहा था कि तभी सामने से तेज रफ्तार कार ने बेकाबू होकर पहले उनकी रेहड़ी को जोरदार



टक्कर मारी और फिर उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में अजय महतो की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर से रेहड़ी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी कार ड्राइवर को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। एसजीएम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल के शवगृह में भेज दिया।

*एएसआई अभिलाष की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी एक गोली*

## पुलिस से एनकाउंटर में बंबीहा गैंग के दो शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार

### पंजाब के अमृतसर के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं दोनों बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस ने बंबीहा गैंग के दो शॉर्प शूटरों को एनकाउंटर के बाद काबू कर लिया। दोनों शूटर बाइक पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। बाइक पर भागने के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग की। तभी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों आरोपी अलग-अलग दिशा में भागने लगे। वहीं टीम पर फायरिंग करते रहे। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों पर गोली चलाई तो दोनों के एक-एक पैर में गोली लग गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को काबू कर नागरिक अस्पताल गुरुग्राम में एडमिट कराया गया, जहां दोनों का ईलाज किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में सेक्टर-65 थाना में केस



दर्ज किया गया। इस मुठभेड़ के दौरान एक गोली एएसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल, दो कारतूस व एक बाइक बरामद की है। इसके अलावा 11 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं।

रविवार अलसुबह करीब 2.30 बजे सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच व सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीमों ने सूचना के बाद मैदावास के नजदीक बदमाशों की तलाश शुरू की थी। जहां दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया। लेकिन बाइक पर पीछे बैठे युवक ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और बाइक से ही भागने लगे। पुलिस टीम पर आरोपी ने कई फायर किए लेकिन तभी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गिर गए। इस पर दोनों आरोपी अलग-अलग दिशा में भागने लगे।

पुलिस ने दोनों का पीछा किया तो पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की चेतावनी के बाद भी आरोपियों ने सरेंडर नहीं किया तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चला दी, जिससे दोनों के पैरों में एक-एक गोली लग गई और दोनों का काबू कर लिया। इस दौरान बदमाशों की एक गोली एएसआई की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लग गई। इसके बाद सेक्टर-65 थाना पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सुमित शर्मा (21 वर्ष) व सुखमनजीत (19 वर्ष) बताया।

## कुत्तों के आतंक से परेशान हैं लोग घर से बाहर निकलने से लगता है डर

### कुत्तों को खाना खिला रही थी महिलाएं, हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चार्मवुड विलेज स्थित कैनवुड सोसायटी में शनिवार देर रात कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर हंगामा हो गया। स्थिति इतनी बिगड़ गई की पुलिस की छह पीसीआर मौके पर पहुंच गई। सुबह करीब चार बजे तक हंगामा होता रहा है। पुलिस के अनुसार के अनुसार देर रात को सोसायटी के लोगों की शिकायत पर डॉग लवर महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। रविवार सुबह महिलाओं ने भी शिकायत दी है। मामले की जांच की जा रही है।

लोगों के मुताबिक कैनवुड सोसायटी में रायल रिटेट की महिलाएं कुत्तों को खाना खिलाती हैं। इसको लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। कई बार मना करने के बाद भी महिलाएं सोसायटी के अंदर



सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाती हैं। मार्च में मामला पुलिस स्टेशन भी पहुंचा था। सोसायटी में बढ़ रहे कुत्तों के हमले के मामले से निवासियों में भय का माहौल है।

शनिवार रात करीब दस बजे दो महिलाएं सोसायटी में कुत्तों को खाना खिला रही थी। आरोप है कि कुत्ते ने डिलीवरी ब्वॉय पर हमला कर दिया। इसको लेकर डॉग लवर महिलाओं और डिलीवरी लेने आए सोसायटी वासी के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप यह भी है कि डॉग लवर महिलाओं ने एक महिला और दस साल के बच्चे पर पेपर स्प्रे कर दिया गया। दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि सूरजकुंड थाना प्रभारी प्रहलाद और महिला पुलिस की टीम पहुंची। सोसायटी के लोगों को शांत कराकर जैसे-तैसे पुलिस महिलाओं को बाहर ले गई।

खबर संक्षेप

## लखनऊ से अयोध्या, डबल डेकर बस सुविधा



**लखनऊ।** योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अयोध्या को डबल डेकर बस की सौगात मिल गई है। रविवार को लखनऊ से चलकर डबल डेकर बस अयोध्या पहुंची, पहले बस चालक और परिचालक ने रामलला व हनुमंत लला का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। बस पूरी तरह से एसीयुक्त है।

## पारस ने लालू-तेजस्वी का ऑफर ठुकराया



**पटना।** बिहार में विपक्षी दलों के महागठबंधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के शामिल न होने की खबर है। पारस की पार्टी अब असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम व चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी से तालमेल की कोशिश करेगी। पटना में पारस के घर पर रालोजपा की बैठक में तय किया गया कि महागठबंधन में नहीं जाना है।

### पीलीभीत से गाजीपुर तक अविरल निर्मल होगी गोमती नदी

# नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों व घुसपैठियों की पहचान कर विधि सम्मत कार्रवाई के निर्देश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि गोमती केवल एक जलधारा नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की संस्कृति, आस्था और जीवन की प्रतीक है। पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती को स्वच्छ, अविरल और निर्मल बनाने के लिए यह ऐतिहासिक मिशन शुरू किया जा रहा है। आज मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर आयोजित गोमती टास्क फोर्स की बैठक में मिशन की विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की। बैठक में टेरिटोरियल आर्मी के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ और शासन के अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गोमती में एक भी बूंद कचरा नहीं गिरना चाहिए और इसके लिए अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोमती तटों की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों और घुसपैठियों की पहचान कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक परियोजना नहीं बल्कि समाज की भागीदारी से चलने वाला एक जन-आंदोलन होगा।

सीएम ने की गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा

बैठक में पर्यावरण विशेषज्ञ व अधिकारी शामिल




### न्यूनतम स्तर का लाना है नदियों का प्रदूषण

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन का दायरा पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती नदी के संपूर्ण प्रवाह क्षेत्र को कवर करेगा जिससे गोमती अपने पूरे विस्तार में स्वच्छ, अविरल और निर्मल रूप पुनः प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री ने मिशन के अंतर्गत नगरीय सीवेज का 95 प्रतिशत से अधिक अवरोधन, नदी प्रदूषण को न्यूनतम स्तर तक लाना और नदी तटीय परिस्थितियों का पुनरुद्धार का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक में यह जानकारी दी गई कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में छह एसटीपी 605 एमएलडी की कुल क्षमता के साथ संचालित हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना*

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाया जाए प्रतिबंध

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। बैठक में बताया गया कि गोमती टास्क फोर्स द्वारा अब तक नदी तटों पर पैदल और नौका गश्त, एक हजार टन से अधिक जलकुंभी की सफाई, नालों का सर्वेक्षण कर प्रदूषण स्रोतों की पहचान, तथा 100 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 70000 से ज्यादा नागरिकों की सहभागिता सुनश्चिति की गई है। 'नदी योग अभियान' के अंतर्गत 21 अप्रैल से 21 जून 2025 तक पांच प्रमुख घाटों पर प्रतिदिन योग, घाट-सफाई और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 50000 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया और 300 टन से अधिक जलकुंभी हटाई गई।*

### 6 लाख करोड़ लोन से विकास करेंगे

## शराब बैन हटाने से 28000 करोड़ आएगा, सरकार का नुकसान बचेगा

एजेंसी ▶▶ पटना



प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बिहार की सत्ता में आते ही शराबबंदी हटाने का वादा कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने दावा किया है कि शराबबंदी हटाते ही बिहार सरकार को जो नुकसान हो रहा है, वो बच जाएगा। शराब पर बैन टने से सरकार को हर साल 28 हजार करोड़ रुपये की कमाई होगी। साथ ही इस राशि से विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय सिक्योरिटी फंड से संपर्क कर 5 से 6 लाख करोड़ रुपए तक का लोन लाया जा सकता है, जिससे बिहार का विकास होगा। जन सुराज पार्टी के अध्यक्ष उदय सिंह ने रविवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि शराबबंदी कानून जमीन पर कहीं नहीं दिखता है। इससे बिहार सरकार को 28 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हर साल तो हो ही रहा है, वहीं माफिया के पास भी अलग से पैसा जा रहा है।

उन्होंने वादा किया कि अगर विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सत्ता बदलती और जन सुराज पार्टी की सरकार बनती है तो शराबबंदी से होने वाले नुकसान को बचाया जाएगा। फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर से 6 लाख करोड़ रुपए तक की मदद लाकर बिहार के विकास में इस राशि का उपयोग किया जाएगा।

### आज जन सुराज की दूसरी उम्मीदवारों की सूची

जन सुराज पार्टी की दूसरी उम्मीदवार सूची सोमवार सुबह को जारी होगी। इसके लिए पार्टी ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। जन सुराज की पहली सूची में 51 कैंडिडेट के नाम थे। बता दें कि पीके की पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है।

## लोहिया की पुण्यतिथि पर भाजपा सरकार पर बरसे अखिलेश यादव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर भाजपा और योगी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी अपनी नाकामियों को छिपाना चाहती है। सुरक्षित मेज पर बैठकर मुख्यमंत्री झूठ बोलते हैं, जबकि वे ऐसे पदों पर बैठे लोगों से मिले हुए हैं। सपा मुखिया ने कहा कि सच्चाई यह है कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज़्यादा अत्याचार, अन्याय और गंभीर घटनाएं लगातार हो रही हैं। ये सिर्फ घटनाएं नहीं हैं, भ्रष्टाचार की हदें पार हो गई हैं। हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। दरअसल, 12 अक्टूबर



को समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि थी। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव गोमतीनगर के लोहिया पार्क पहुंचे थे। वहां अखिलेश यादव डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। नाइंसाफी और गैर बराबरी के खिलाफ डॉ. लोहिया ने संघर्ष किया। हम संकल्प लेते हैं कि डॉ. लोहिया के सप्त क्रांति के आंदोलन को जन-जन तक पहुंचा कर पीडीए समाज को आर्थिक और सामाजिक सम्मान दिलाने का काम करेंगे।

## पेज एक का शेष....

### ट्रंप ने पीएम मोदी...

मिली जानकारी के अनुसार यह निमंत्रण शनिवार को अमेरिका और मिस्त्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया था।

### हमास हस्ताक्षर नहीं...

खारिज किया। हमास ने इसे "बेतुका" बताया है, जो भविष्य में संभावित जटिलताओं की ओर इशारा करता है।

### युद्धविराम और...

लागू हुआ। पहले चरण में शामिल हैं गाजा शहर, राफा, खान यूनिस और उत्तरी गाजा से इजराइली सैनिकों की वापसी होगी। पांच मानवीय क्रॉसिंग का खुलना और बंधकों/कैदियों का आदला-बदली, गाजा और मिस्त्र के बीच राफा क्रॉसिंग अगले सप्ताह के मध्य तक फिर से खुलने की संभावना है, जिससे सीमित नागरिक आवाजाही संभव होगी।

### भारत ने 26/11 मुंबई...

जानकारी प्रदान की जो हमें जुटाने की जरूरत थी। हमारे आकलन के मुताबिक, उच्च-स्तरीय मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर, पाकिस्तान पारंपरिक संघर्ष के लिए सैन्य, संसाधन या वित्तीय रूप से तैयार नहीं था। वे भारतीय जवाबी कार्रवाई के लिए मानसिक रूप से तैयार थे और युद्ध से बचना चाहते थे। रिपोर्ट में उस अधिकारी के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

### अंतिम फैसला राजनीतिक...

अंतिम फैसला राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में था। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा है कि हमने अपनी पूरी रिपोर्ट दी, इनपुट्स शेयर किए और बताया कि पाकिस्तान सैन्य रूप से कमजोर स्थिति में है। वह किसी सीमित जवाबी कार्रवाई को सहन कर सकता था, लेकिन बड़े युद्ध के लिए तैयार नहीं है। अधिकारी के मुताबिक, पाकिस्तान के भीतर भी यह समझ थी कि भारत यदि सिर्फ आतंकी ढांचे को निशाना बनाता है तो वे उसे बर्दाश्त कर लेंगे, वे किसी बड़े युद्ध से बचना चाहते थे।

### स्वदेशी नेविगेशन एप....

रोड की कंडीशन, रूट्स पर मिलने वाले पेट्रोल पंप, ढ़ाबा और जंक्शन प्वाइंट्स आदि के बारे में भी जानकारी अपडेट की जा सकेगी। केंद्रीय रेल एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने एप की विशेषताओं का प्रत्यक्ष परीक्षण किया और इस बात पर जोर दिया कि कैसे स्वदेशी तकनीक अब वैश्विक मानकों से मेल खा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे और मैपल्स के बीच जल्द ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे ऐप की तकनीक का रेलवे प्रणालियों में उपयोग संभव हो सकेगा।

### 5000 वनडे रन...

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान मंधाना ने 46 और प्रतिका ने 69 गेंदों में अर्धशतक पूरे किए। मंधाना ने अपने 33वें वनडे अर्धशतक के साथ तमाम उपलब्धियां हासिल कर लीं। वह सबसे पहले एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन पूरे करने वाली पहली महिला बल्लेबाज बनीं। इसके बाद उन्होंने वनडे में 5000 रन भी पूरे कर लिए। ऐसा करने वाली वह दुनिया की पांचवीं और भारत की दूसरी महिला क्रिकेटर बन गईं। इससे पहले पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने वनडे क्रिकेट में 5000 रन बनाए थे।

### हम बकरीद और....

अगर कोई आई लव मुहम्मद बोलता है तो वह गलत नहीं है। वैसे ही अगर कोई आई लव महादेव कहता है तो वह भी बुरा नहीं है। हर किसी को अपने धर्म से प्रेम करने का अधिकार है और इसका सम्मान होना चाहिए, लेकिन सिर तन से जुदा जैसे नारे और विचार न तो हिंदू समाज सहन करेगा और न ही भारत का कानून। अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ा नहीं जाएगा।





# चैंपियन गिरता है... पर रुकता नहीं : कार्तिक

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन' के लिए अपना पहला फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार जीतने के बारे में खुलकर बात की। वहीं, कार्तिक आर्यन को फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतते देख कबीर खान को गर्व महसूस हुआ। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्मफेयर के दौरान की कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही उन्होंने लिखा, 'चैंपियन गिरता है।.. पर रुकता नहीं।' कार्तिक ने बताया यह पल उनके लिए सपने जैसा है। उन्होंने फिल्म के निर्देशक कबीर खान, निर्माता साजिद नाडियाडवाला और वर्दा खान नाडियाडवाला और पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

लाइफ Style



# चित्रांगदा

## हर कोई जवान दिखने की कोशिश कर रहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में अभिनेताओं की बढ़ती उम्र हमेशा से बहस का विषय रही है। पुरुष अभिनेता फिल्मों में अपने से काफी छोटी उम्र की अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते रहते हैं। ऐसे में क्या महिला अभिनेत्रियों को अपनी उम्र बढ़ने से रोकने का दबाव महसूस होता है? इस पर चित्रांगदा सिंह ने अपनी बात रखी है।

अभिनेत्री ने कहा 'यह सबके लिए है। अगर आप 70 साल की महिला का किरदार निभा रही हैं, तो आपको वैसा ही दिखना चाहिए। अगर आप 30 साल की उम्र की भूमिका निभाना चाहती हैं, तो आपको उसे निभाना आना चाहिए।' चित्रांगदा सिंह का कहना है कि 'निर्माताओं का ऐसा सोचना जायज है। पुरुष अभिनेताओं के लिए भी यही बात लागू होती है। अक्की (अक्षय कुमार) अपनी फिटनेस पर ध्यान देते हैं, अपने खान-पान पर ध्यान देते हैं। बेशक, जब किसी पुरुष अभिनेता का किरदार लिखा जाता है, तो महिला किरदार के बजाय ज्यादा लचीलापन होता है। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई पक्षपात है। वे फिल्म को आगे बढ़ाते हैं।' चित्रांगदा सिंह ने आगे कहा 'समय बहुत बदल गया है। करीना कपूर कमाल का काम कर रही हैं। विद्या (बालन) बहुत काम कर रही हैं। ये सभी कलाकार अभी भी स्क्रीन पर अपनी अच्छी उपस्थिति बनाए हुए हैं। जहां तक एक खास तरह का दिखने के दबाव की बात है, निकोल किडमैन, डेमी मूर को ही देख लीजिए, हर कोई (जवान दिखने की) कोशिश कर रहा है, आपको भी यह कोशिश करनी होगी। बेशक कलाकारों को हर चीज में दबाव का सामना करना पड़ता है।'

## हॉलीवुड मसाला




# गॉडफादर की रही थीं स्टार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर और ऑस्कर विजेता अभिनेत्री डाएन कीटन का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कीटन को उनकी फिल्मों एनी हॉल, द गॉडफादर और फादर ऑफ द ब्राइड के लिए जाना जाता है। उनके अनोखे अंदाज, जीवंत व्यक्तित्व और अभिनय की गहराई ने उन्हें अपनी पीढ़ी की सबसे अलग अभिनेत्रियों में से एक बना दिया। कीटन का निधन हॉलीवुड और दुनिया भर के फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अभिनव और यादगार अभिनय ने फिल्मों को समय के पार स्थायी और प्रतिष्ठित बनाया।



# अमेरिका में रहकर भी भारतीय संस्कृति से लगाव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स ने हिंदुत्व को लेकर हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है। आध्यात्मिक सोच के लिए भी दुनियाभर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। रॉबर्ट्स ने बताया कि उन्हें हिंदू धर्म से गहरी प्रेरणा मिली है और यही कारण है कि उन्होंने अपने बच्चों के नाम भी लक्ष्मी, गणेश और कृष्ण बलराम रखे हैं। जूलिया रॉबर्ट्स अमेरिका में जन्मी और पली-बढ़ी हैं, लेकिन भारत की आध्यात्मिक भूमि ने उन्हें हमेशा आकर्षित किया है। उन्होंने पहली बार हिंदू दर्शन से परिचय फिल्म 'ईट प्रे लव' की शूटिंग के दौरान भारत में कराया था। यहीं से उन्होंने हिंदू संस्कृति, पूजा-पाठ और ध्यान की विधियों को समझना शुरू किया। जूलिया रॉबर्ट्स ने एक इंटरव्यू में बताया कि हिंदू धर्म ने मानवता को जो अमूल्य धरोहरें दी हैं- गीता, वेद, योग, ध्यान और आयुर्वेद।



# अवॉर्ड मिलने पर हुईं इमोशनल

**मुंबई।** फिल्म जिगरा आलिया भट्ट के दिल के बहुत करीब है। यह उनकी पहली एक्शन ड्रामा फिल्म थी। इस फिल्म में आलिया का उम्दा अभिनय और एक्शन दर्शकों ने देखा। शनिवार को फिल्म जिगरा के लिए ही आलिया भट्ट को फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वह अवॉर्ड फंक्शन में शामिल नहीं हो पाईं। लेकिन, आलिया ने एक स्पेशल पोस्ट इस अवॉर्ड और फिल्म 'जिगरा' की टीम के लिए की है। आलिया भट्ट अपनी पोस्ट में लिखती हैं, फिल्म 'जिगरा मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी। सिर्फ उस कहानी के लिए नहीं, जो हमने सुनाई बल्कि उन बेहतरीन लोगों के लिए, जिन्होंने इसे यादगार बनाया। फिल्म के निर्देशक वसन बाला आपने इसे जिस तरह से बनाया है, उसके लिए । एक्टर वेदांग रैना और बाकी टीम ने जो ईमानदारी दिखाई, उसके लिए शुक्रिया।



# बच्चों के साथ की खूब सारी मस्ती...

**मुंबई।** फिल्म 'सैयारा' की कामयाबी के बाद अहान पांडे सुर्खियों में हैं। उनकी हर हरकत पर फैंस की नजर रहती है। फैंस उनकी तस्वीरों और वीडियो का इंतजार करते हैं। हाल ही में, अहान पांडे ने सीताराम मिल कंपाउंड मुंबई पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ कुछ वक्त गुजारा। स्कूल में अहान का दिन अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। बच्चों के साथ उनकी मुस्कुराते हुए और उनके साथ कक्षा में भाग लेते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। अहान बच्चों के साथ मस्ती भरी बातें करते और तस्वीरें खिंचवाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह बच्चों के साथ जमीन पर बैठे हैं। उनके साथ चिल्लाते हैं और अपने हाथ से दिल बनाते हैं। उन्होंने कई बच्चों को अपना ऑटोग्राफ भी दिया है। सोशल मीडिया पर अहान की तस्वीरें और वीडियो आते ही फैंस ने लाइक करना और कमेंट करना शुरू कर दिया है।

## टीवी मसाला

# केबीसी के मंच पर बच्चे ने अमिताभ संग की बदतमीजी

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' हमेशा से ही दर्शकों का फेवरेट रहा है। इस शो का सीजन 17 भी इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। इस क्विज शो से अब तक कई कंटेस्टेंट मालामाल होकर जा चुके हैं। हर बार की तरह इस बार के 'कौन बनेगा करोड़पति' के इस सीजन को ऑडियंस काफी पसंद कर रहे हैं। शो को और भी खास बनता है इसके होस्ट यानी महानायक अमिताभ बच्चन का खास अंदाज। कई कंटेस्टेंट तो पैसों से ज्यादा बिग बी की एक झलक पाने की चाह में आते हैं। ऐसे में शो का हालिया एपिसोड सुर्खियों में बना हुआ है। शो पर आए एक बच्चे की हरकत से बिग बी काफी खफा नजर आए। दरअसल, हालिया एपिसोड में 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के मंच पर गुजरात के छठी कक्षा के छात्र मयंक हॉट सीट पर बैठे। हॉट सीट तक पहुंचने को लेकर मयंक काफी एक्साइटेड दिखे। उनकी एक्साइटमेंट और उन्हें देखकर पहले तो लगता है कि वाकई में बच्चा काफी टैलेंटेड है। लेकिन जैसे-जैसे गेम शुरू होता है, उसके बात करने के तरीके से साफ पता चलता है कि वो अमिताभ बच्चन को कुछ समझ ही नहीं रहा है। अमिताभ बच्चन मयंक से पूछते हैं कि उन्हें कैसा लग रहा है तो इस पर मयंक ने कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। लेकिन हम सीधे पॉइंट पर आते हैं। आप मुझे गेम के नियम बताने मत बैठ जाना, क्योंकि मुझे सारे रूल्स के बारे में पता है।' ये सुनते ही बिग बी ने उसे बिना कुछ कहे मुस्कुरा दिया। इसे बाद वो हर सवाल का जवाब देने इस पर बच्चन साहब मुस्कुराकर आगे बढ़ जाते हैं और खेल की शुरुआत करते हैं। शुरुआत में बिग बी में जब बच्चे से सवाल करते हैं तो सवाल पूरा होने से पहले ही जवाब देने लगता है। ऐसे में एक-दो बार खुद महानायक उसकी इस हरकत को नजर अंदाज कर देते हैं। ऐसे में आखिर में उसका ओवरकॉन्फिडेंस उसे ले डूबता है। पांचवे प्रश्न पर आते ही वो आउट हो जाता है।



# सलमान की फटकार के बाद बदल सकता है कंटेस्टेंट का गेम

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को शुरू हुए डेढ़ महीने का समय हो चुका है। इस समय में ऑडियंस ने अपने फेवरिट कंटेस्टेंट को पसंद कर लिया है।



सोशल मीडिया पर दोनों ग्रुप को लेकर पोस्ट वायरल हो रहे हैं। किसी को अमाल का गेम पसंद आ रहा है तो किसी को अभिषेक बजाज और अश्नूर की जोड़ी। कुछ ऐसे भी जो तान्या मित्तल की लक्जरी लाइफस्टाइल को पसंद कर रहे हैं। वहीं, उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जा रहा है। लेकिन, इस वीकेंड के वार पर सलमान खान ने तान्या समेत इन कई कंटेस्टेंट को फटकार लगाई है। कइयों को अपना गेम बदलने और सही दोस्त चुनने की सलाह दी है। ऐसे में उम्मीद है कि इस वीकेंड के वार के बाद कंटेस्टेंट का गेम बदलने वाला है। सलमान खान ने तान्या को जबरदस्त फटकार लगाई है। एक्टर ने कहा कि वो पहले दिन से ही क्लियर थीं कि उन्हें किसे दोस्त बनाना है और किसे नहीं।

# छोटे रोल से निराश हो गए थे सौरभ खत्म हो गई थी अभिनय में रुचि

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज के बाद से लेखक और अभिनेता सौरभ शुक्ला सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन के उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की जब उनकी अभिनय में रुचि लगभग खत्म होने लगी थी। उन्होंने बताया कि एक दौर ऐसा भी था जब उन्हें फिल्मों में केवल छोटे-मोटे रोल ही मिलते थे, जिससे वह निराश हो जाते थे। हालांकि 'बर्फी' की शूटिंग के दौरान वह रणबीर कपूर से मिले और उनको अभिनय में दोबारा मजा आने लगा। सौरभ शुक्ला ने अपने निराशाजनक दौर के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि जब 'बर्फी' के निर्देशक अनुराग बसु ने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने लगभग फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया था। सौरभ ने कहा 'मैं रणबीर से बर्फी में मिला था। मैं उस समय बहुत ही निराशा के दौर से गुजर रहा था। लोग कहते थे, 'सौरभ, तुम बहुत अच्छे एक्टर हो' लेकिन जब रोल मिलते थे, तो हमेशा कैमियो होते थे।'



सौरभ ने आगे कहा 'मैं वाकई संघर्ष कर रहा था। इसलिए, मैंने लोगों को बताना शुरू कर दिया कि मैं एक्टिंग नहीं करता। मैं एक लेखक हूं और मैंने फिल्में बनाई हैं। जब अनुराग ने मुझे यह फिल्म ऑफर की, तो मेरे पहले शब्द थे, 'अनुराग, अगर तुम्हारे पास मेरे लिए कुछ है, तो मुझे फोन करो। इस पर अनुराग ने कहा 'सर, अगर मेरे पास आपके लिए कुछ नहीं होता, तो मैं आपको क्यों बुलाता?' उन्होंने मुझे वह फिल्म दी, जो वाकई कमाल की थी।' सौरभ ने आगे कहा ''बर्फी' में मेरी मुलाकात रणबीर से हुई। वह बहुत आकर्षक, जवान, बातों और सपनों से भरा हुआ था। मुझे उसके साथ बैठकर बहुत अच्छा लगा। हम दोनों में एक-दूसरे के लिए सम्मान था। अभिनय करते हुए वह कुछ करता और मुझे उससे कुछ मिलता।

# ऐश्वर्या पर अभिषेक का इमोशनल बयान, छलक आए आंसू

**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन की फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' जिसने भी देखी, उसने उनके अभिनय की तारीफ की। आखिरकार, उन्हें पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। जीत की ट्रॉफी थामे अभिषेक बच्चन ने जब मंच पर बोलना शुरू किया, तो उनकी आंखों में आंसू छलक आए। उसने स्पीच में पत्नी ऐश्वर्या राय का जिक्र किया और फिर ट्रॉफी अपने पिता अमिताभ बच्चन और बेटी आराध्या बच्चन को डेडिकेट कर दी। अभिषेक बच्चन अपनी जीत से अभिभूत थे। ट्रॉफी थामने के बाद उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने भरी आंखों से इमोशनल स्पीच दी, जिसने उनके हर एक चाहनेवाले को इमोशनल कर दिया। वे बोले, 'इस साल मुझे इंडस्ट्री में काम करते हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। मुझे याद नहीं कि मैंने कितनी बार इस अवॉर्ड की स्पीच के लिए प्रैक्टिस की है।' अभिषेक बच्चन ने आगे कहा, 'इसे जीतना मेरा सपना था और आज बहुत आभारी महसूस कर रहा हूं। परिवार के सामने अवॉर्ड मिलना, इसे और खास बनाता है।' अभिषेक ने आखिर में कहा, 'मैं यह अवॉर्ड तो खास लोगों को डेडिकेट करना चाहता हूं। यह फिल्म पिता और बेटी के बारे में है और मैं इसे अपने हीरो, मेरे पिता और अपने दूसरे हीरो, मेरी बेटी को डेडिकेट करना चाहता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद, मैं बता नहीं सकता, इसके मेरे लिए क्या मायने हैं।' अभिषेक ने फिर इमोशनल होते हुए पत्नी ऐश्वर्या राय और बेटी आराध्या बच्चन को याद किया। वे बोले, 'ऐश्वर्या और आराध्या से कहना चाहता हूं- मुझे बाहर जाने और सपनों को पूरा करने की अनुमति देने के लिए शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि यह अवॉर्ड जीतने के बाद, वे अपना त्याग समझ पा रहे हैं जिसकी वजह से मैं आज यहां खड़ा हूं।'



## पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए दिया ट्रिब्यूट

# लापता लेडीज ने झटकी 13 ट्रॉफियां अवॉर्ड लेते कलाकार हुए भावुक

*मुंबई। फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 के मंच पर पूरा बॉलीवुड नजर आया। इस खास शाम को शाहरुख खान ने अपनी एंकरिंग से खास बना दिया। साथ ही शाहरुख और काजोल की परफॉर्म भी चर्चा में रही। कई पुराने कलाकारों को नए कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस के जरिए ट्रिब्यूट दिया। अवॉर्ड नाइट में फिल्म 'लापता लेडीज' की धूम रही। कई कलाकार अवार्ड लेते हुए भावुक नजर आए।*

### कार्तिक और अभिषेक ने शेयर किया अवॉर्ड

अपने कॅरियर में अभिषेक बच्चन ने पहली बार बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किया। अभिषेक को फिल्म 'आई वांट टू टॉक' के लिए यह अवॉर्ड मिला है। हालांकि, यह अवॉर्ड उन्हें संयुक्त रूप से कार्तिक आर्यन के साथ मिला। कार्तिक आर्यन को यह अवॉर्ड फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए मिला। कार्तिक आर्यन और अभिषेक बच्चन अवॉर्ड लेते वक्त इमोशनल दिखे। अवॉर्ड फंक्शन में आलिया तो नहीं पहुंची थीं, लेकिन उन्होंने अपने नाम बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड किया। फिल्म 'जिगरा' में उम्दा अभिनय करने लिए आलिया को यह अवॉर्ड मिला है।

### शाहरुख को किया गया सम्मानित काजोल संग परफॉर्मेंस ने जीता दिल

फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 में शाहरुख और काजोल की हिट जोड़ी ने स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस से समा बांध दिया था। दर्शक मंत्रमुग्ध होकर दोनों को देखते रहे। वहीं शाहरुख खान को अवॉर्ड फंक्शन में भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने काजोल और करण जौहर के साथ यह अवॉर्ड लिया।



### अवॉर्ड फंक्शन में ये झलकियां भी चर्चा में रहीं

कीर्ति सेनन और लक्ष्य ने दिया शम्मी कपूर और जीनत अमान को ट्रिब्यूट। कीर्ति ने जीनत अमान और लक्ष्य ने शम्मी कपूर के गानों पर परफॉर्म किया। इनकी परफॉर्मेंस ने इवेंट में चार चांद लगा दिए थे। रवि किशन अवॉर्ड लेते हुए भावुक हुए। शाहरुख खान के साथ खड़े होकर उन्होंने अपने मन की बातें सबके साथ साझा कीं। 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा ने भी अवॉर्ड लेते हुए काफी एक्साइटेड दिखीं। डायरेक्टर किरण राव ने अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' की पूरी कास्ट के साथ बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड लिया।

### फिल्मफेयर अवॉर्ड के विजेताओं की सूची

**बेस्ट लीड मेल एक्टर**
अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन
**बेस्ट लीड एक्ट्रेस**
आलिया भट्ट
**बेस्ट मेल एक्टर (क्रिटिक्स अवार्ड्स)**
राजकुमार राव
**बेस्ट लीड एक्ट्रेस (क्रिटिक्स अवार्ड्स)**
प्रतिभा रांटा
**बेस्ट सपोर्टिंग फीमेल एक्ट्रेस**
छाया कदम (लापता लेडीज के लिए)
**बेस्ट सपोर्टिंग मेल एक्टर**
रवि किशन (लापता लेडीज के लिए)
**बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स अवार्ड्स)**
शूजित सरकार (आई वांट टू टॉक के लिए)
**बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025**
नितांशी गोयल
**बेस्ट डेब्यू एक्टर (फिल्मफेयरअवॉर्ड 2025) :** लक्ष्य
**बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर (फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025)**
कुणाल खेमू, आदित्य सुहास जंभाले
**बेस्ट प्लेबैक सिंगर मेल**
अरिजीत सिंह (लापता लेडीज के लिए)

# सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- न्याय देने की स्थापित व्यवस्था को और बेहतर बनाना लक्ष्य
- इन्दौर में विधि विशेषज्ञों की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तिगणों और विधि-विशेषज्ञों ने रखे विचार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का मौलिक, बुनियादी, मानवीय, नागरिक और संवैधानिक अधिकार है। लोक कल्याणकारी राज्य का पहला दायित्व है कि देश का कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे। न्याय और सुशासन न केवल राष्ट्र और समाज को मजबूत करते हैं, बल्कि शासन व्यवस्था को जवाबदेह भी बनाते हैं। समानता, पारदर्शिता, विनम्रता और सबको समय पर न्याय दिलाना ही न्यायपालिका की मूल आत्मा रही है और आगे भी रहेंगी। उन्होंने कहा कि न्याय देने की स्थापित व्यवस्था को और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि अब तो न्याय की देवी की आंखों की पट्टी भी खोल दी गई है।

इसका आशय है कि अब न्याय की देवी खुली आंखों से न्याय कर सकेंगी। डॉ. यादव शनिवार को इंदौर में आयोजित 'इवोल्विंग होराइजन्सः नेविगेटिंग कॉम्प्लेक्सिटी एंड इनोवेशन इन कमर्शियल एंड आर्बिट्रेशन लॉ इन द डिजिटल वर्ल्ड' विषय पर आयोजित विधि विशेषज्ञों की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तिगणों और विधि-विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे।



### हमारी कोशिश बनी रहे न्यायिक व्यवस्था पर आस्था: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय न्याय परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि न्याय हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हम सम्राट वीर विक्रमादित्य को कैसे भूल सकते हैं, जिन्होंने अपने बाल्यकाल से ही तत्समय भारत देश में न्याय और सुशासन की व्यवस्था का सूत्रपात किया था। उन्होंने कहा कि आज देश में कानून के क्षेत्र में अनेक नवाचार हो रहे हैं, जिससे नागरिकों को अधिक अधिकार मिल रहे हैं। हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को सुगमता से न्याय मिले और उसकी आस्था न्यायिक व्यवस्था पर सदैव बनी रहे।

### बढ़ते विवादों का समाधान न्यायपालिका में ही निहित

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि जैसे-जैसे व्यापार का विस्तार होता है, विवाद स्वाभाविक रूप से बढ़ते हैं और इसका समाधान न्यायपालिका में ही निहित है। चूंकि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, इसलिए हमारी मानसिकता में बदलाव लाने और सभी हितधारकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति अरविंद कुमार ने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का केवल एक भागीदार ही नहीं, बल्कि एक निर्माता भी है। न्याय से समझौता किए बिना, व्यापार में सुगमता और नवाचार को साथ-साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने न्यायनिर्णयन से सहयोग और मध्यस्थता से नवाचार की ओर बदलाव पर जोर दिया और कानूनी बिरादरी के लिए तदनुसार अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया।

### निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना लक्ष्य

*उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि न्यायपालिका का लक्ष्य कानून का पुनर्निर्माण करना नहीं है, बल्कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के विचार को सीमित किए बिना निष्पक्षता की सीमाओं का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में डेटा पर नियंत्रण केवल फर्मों या कंपनियों के स्वामित्व से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है और इसलिए आर्थिक विकास को बाधित किए बिना पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कानूनी पेशा तकनीकी प्रगति का अपवाद नहीं रह सकता।*

### नवाचार का केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में मप्र

*मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने पारदर्शिता, दक्षता और कानून के शासन को बनाए रखते हुए तकनीकी परिवर्तन के अनुकूल होने में न्यायपालिका की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मध्यप्रदेश कानूनी और तकनीकी नवाचार का केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कानूनों को तकनीकी प्रगति के अधीन हुए बिना उनके साथ विकसित होना चाहिए।*

---

सीएम सैनी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

# हरियाणा हाउसिंग बोर्ड का एचएसवीपी में विलय, आवास संबंधी कार्य होंगे सरल

### हाउसिंग बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 मंजूर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में रविवार को हरियाणा कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में तय हुआ है कि हाउसिंग बोर्ड को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के साथ विलय किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा हाउसिंग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप को मंजूरी प्रदान दी गई। इस संशोधन के बाद शहरी विकास और आवास संबंधी कार्य सरल होंगे। मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट भाषण में हाउसिंग बोर्ड हरियाणा को भंग कर उसके कार्य एचएसवीपी में समाहित करने की घोषणा की थी, ताकि शहरी विकास एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सके। लगभग ढाई घंटे चली इस मीटिंग में 17 अक्टूबर को सोनीपत में नायब सरकार का एक साल पूरा होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे।

### पंजाब फैक्टरी नियम 1952 में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी

ग्राम पंचायतें 250 एकड़ तक की भूमि का उपयोग प्लान तैयार



### महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर

**हरियाणा जन विश्वास अध्यादेश 2025 को हरी झंडी**

हरियाणा जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अध्यादेश, 2025 को लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। यह पहल भारत सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में अनुपालन बोझ को कम करने और छोटे अपराधों को अपराध मुक्त करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 के माध्यम से हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। संशोधन के अनुसार, किसी भी सरकारी योजना के पात्र लाभार्थियों पर विचार और उन्हें मंजूरी देने के लिए होने वाली ग्राम सभा की बैठक का कोरम ग्राम सभा के सदस्यों का 40 प्रतिशत होगा। हालांकि, पहली और दूसरी स्थगित बैठकों में कोरम क्रमशः ग्राम सभा के सदस्यों का 30 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से होगा। इस निर्णय से पंचायती राज व्यवस्था में पारदर्शिता और कार्यप्रणाली में सुधार की संभावना है।

**पंजाब फैक्ट्री नियम : लैंगिक असमानता होगी समाप्त**

बैठक में पंजाब फैक्ट्री नियम, 1952 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह संशोधन कारखानों में कुछ प्रक्रियाओं में महिलाओं को कार्य करने की अनुमति देने से संबंधित है। इसके तहत नियमों के अंतर्गत देय शुल्क को अब ऑनलाइन माध्यम से जमा कराने की सुविधा दी जाएगी। इस संशोधन से लैंगिक असमानता समाप्त होगी, महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और इंजीनियरिंग, केमिकल्स व विनिर्माण जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी, जहां पहले महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। संशोधन में यह भी सुनिश्चित होगा कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं खतरनाक श्रेणी के कार्यों से बाहर रहें, जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की पूर्ण सुरक्षा बनी रहे।

---

धार में भिलाला समाज समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# भिलाला समाज ने जगाई सामाजिक चेतना, जनजातियों का समग्र कल्याण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग का समग्र कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी कोशिश है कि जनजातीय वर्ग का कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि भिलाला समाज एक साहसी और संस्कारित समाज है, जिसने मां नर्मदा के आशीर्वाद से नशामुक्ति और मृत्युभोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा नाश की जड़ है, जो कई पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। समाज की कुरीतियों को खत्म करने का प्रयास एक सामाजिक क्रांति का संकेत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को धार के किला मैदान में जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन की ओर से आयोजित 12 वें प्रांतीय वार्षिक सामाजिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में भिलाला समाज की ओर से युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन, रोजगार पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नशामुक्ति जागरूकता शिविर, कैरियर मार्गदर्शन शिविर सहित सामाजिक कुरीतियों के निवारण के लिए जागरुकता शिविर भी आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने पीथमपुर थाना (बगदून) के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बीएस जामोद ने सम्मेलन की रूपरेखा और भावी गतिविधियों पर प्रकाश डाला।



### जनजातीय नायकों का सम्मान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धार जिले की भिलाला समाज की जुझारू महिला नेत्री को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान देकर समाज का गौरव बढ़ाया है। राज्य सरकार ने अलीराजपुर का नाम परिवर्तन कर आलीराजपुर कर दिया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना और महाराजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह की जयंती को भव्य रूप से मनाकर हमारी सरकार ने जनजातीय नायकों और परम्पराओं को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का राष्ट्ररक्षा और स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। भगोरिया के उल्लास को हमने राज्यस्तरीय पर्व का दर्जा देकर जनजातीय लोक परंपराओं को सम्मानित किया है।*

### प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक समाज को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब भारत माता के लाल हैं, ऐसे में भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया है। हमारी सरकार ने सबको विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया है।*

---

मैनिट में निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन

# समस्त संसार को अपना परिवार मानकर उसकी सेवा, सत्कार और आदर करें : दीपक विस्पुते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनेट) का परिसर शनिवार को घोष की धुन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पथ संचलन निकाला गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मैनेट समेत 12 राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के 256 विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों ने पूर्ण गणवेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल विभाग के संघचालक सोमकांत उमालकर ने की और मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल रहे।

वहीं, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में विस्पुते ने 'पंच परिवर्तन' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके माध्यम से हम अपनी भारत माता और इस पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने प्रकृति और समाज दोनों को शुद्ध रखने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाने का आह्वान किया। वसुधैव कुटुम्बकम को ध्येय वाक्य बताते हुए उन्होंने कहा कि संपूर्ण जगत अपना घर है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को समस्त संसार को अपना परिवार मानकर उसकी सेवा और आदर करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पहली बार आयोजित हुए इस पथ संचलन ने सभी में एक नए उत्साह का संचार किया। यह कार्यक्रम देश के किसी भी एनआईटी में पहली बार हुआ है।



**भोपाल।** जहांगीराबाद में भी संघ का पथ संचलन निकला।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रेणी मिलन का संयुक्त पथ संचलन आज

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भोपाल विभाग शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्रेणी मिलनों का संयुक्त पथ संचलन रविवार 12 अक्टूबर को शाम 4 बजे तात्या टोपे नगर स्टेडियम भोपाल में होगा। इस अवसर पर श्रेणी मिलन के तहत इसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व पुलिस अधिकारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, युवा उद्यमी, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधी, विभिन्न मातृभाषा के प्रतिनिधी, शिक्षक, कृषक शामिल होंगे। संचलन तात्याटोपे नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर न्यू मार्केट होते हुए वापिस तात्याटोपे नगर में समाप्त होगा।*

---

भाजपा प्रदेशध्यक्ष ने की मृतक के परिजनों से बात

# भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित परिवार के साथ किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा: खंडेलवाल

### प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मृतक युवक के घर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को भोपाल में पुलिस की पिटाई से मृत युवक उदित गायकी के परिजनों से बात की। खण्डेलवाल के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मृतक उदित गायकी के अशोका गार्डन स्थित निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मृतक के परिजनों की बात कराई।

खण्डेलवाल ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली संवेदनशील भाजपा सरकार ने दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित पक्ष के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगे।

### पीड़ित परिवार से मिले पटवारी, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग



राजधानी में पुलिस की पिटाई से हुई युवक की मौत के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ति परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने मृतक युवक से मुलाकात करते हुए ढांढस बंधाया। पटवारी ने कहा कि यह घटना बताती है कि पुलिस अब हत्या करने लगी है। प्रदेश भर में कानून का पुलिस ने मजाक बना दिया है। ऐसी पिटाई की कि युवक की मौत हो गई। पीड़ति परिवार ने बताया कि पुलिसकर्मी भी शराब ने नशे में थे। नशे की हालत में युवक की पिटाई की। जीतू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश को नशे में झोक दिया है। पुलिसकर्मी शराब पीकर पीट रहे हैं। डीएसपी का साला भी सुरक्षित नहीं है। यह घटना भोपाल में हुई है। इतने अफसर रहते हैं फिर भी पुलिस को सिर्फ वसूली में मन लगता है। अब तो पुलिस पर भी भरोसा नहीं रहा है। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करता हूं।

---

इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर बनाते थे फर्जी आईडी

# फर्जीवाड़ा कर ठगी करने वाले 11 आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करते हुए जमशेदपुर (झारखंड) और बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 36 मोबाइल फोन और अन्य सामग्री जब्त की गई है। जांच में सामने आया कि ये गैंग बीते दो वर्षों से फर्जी कॉल सेंटर चलाकर देशभर के हजारों लोगों को धोखा दे रहा था।

आरोपी इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर महिलाओं की तस्वीर लगाकर 262 फर्जी आईडी बनाते थे। इन आईडी से नकली मोबाइल नंबर शेयर किए जाते थे। विवाह में इच्छुक लोग जब इन नंबरों पर कॉल करते, तो उन्हें फर्जी बायोडाटा, पता और नंबर भेजकर रकम ऐंठ ली जाती। रकम म्यूल बैंक अकाउंट के जरिए ट्रांसफर कराई जाती थी। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश पर साइबर अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच में एचडीएफसी बैंक के 79 खातों में संदिग्ध लेनदेन पाए गए, जिस पर थाना डीडी नगर में अपराध दर्ज कर रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा विवेचना शुरू की गई। पहले चरण में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। उनकी पूछताछ और मोबाइल विश्लेषण से अन्य साथियों के नाम सामने आए। इसके बाद जमशेदपुर में 3 और बिलासपुर में 8 आरोपियों को दबोच लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई अन्य नाम भी सामने आए हैं, जो फर्जी आईडी बनाने और म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने में शामिल थे। इस गैंग के नेटवर्क को तोड़ने के लिए व्यापक जांच जारी है और सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जाएगा।

---

10 अक्टूबर को गोड़ा पुल नाका में मिला था शव

# अंधे कत्ल मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर





जिले के थाना अभनपुर क्षेत्र के ग्राम आमनेर में बीड़ी मांगने के मामूली विवाद से शुरू हुआ झगड़ा हत्या तक पहुंच गया। पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 10 अक्टूबर को आमनेर स्थित गोड़ा पुल नाला में युवक का शव पानी में तैरता मिला था।

मृतक की पहचान सोनू पाल (26 वर्ष), निवासी ग्राम गातापारा, थाना अभनपुर के रूप में हुई। उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। जांच में सामने आया कि 9 अक्टूबर की रात सोनू पाल शराब दुकान के पास शराब पी रहा था। इसी दौरान उसने सुमित बांदे, अजय रात्रे और गुलशन गायकवाड़ से बीड़ी मांगी। मना करने पर विवाद हो गया। तीनों आरोपी सोनू को 'नशा कराने' के बहाने मोटरसाइकिल से आमनेर नाले के पास ले गए और वहां हाथ-मुक्का, कड़ा और पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। शव को पानी में फेंककर फरार हो गए। एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट व थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गार्ड की हत्या का आरोपी धराया



**रायपुर।** जिले के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में बीती रात हुई गार्ड की हत्या का आरोपी भिंगराज बघेल (32 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे शराब दुकान बंद होने के बाद पीड़ित और स्टाफ दुकान का हिसाब कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति शराब मांगने आया, जिसे गार्ड संदीप पटेल ने मना कर दिया। आरोपी ने गार्ड और स्टॉफ को गाली दी और वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी फिर लौटा और लोहे के रॉड से गार्ड संदीप पटेल पर प्राणघातक हमला किया। गार्ड की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

---

तीन कुकर बम बरामद, नारायणपुर पुलिस ने किए नष्ट

# आईईडी घटना के 24 घंटों में नक्सलियों की दूसरी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के बारसूर इलाके में जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाने वाले छह नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से आईईडी भी जब्त किया था। घटना के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि नारायणपुर पुलिस ने थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम कोडलियार बिचपारा के जंगलों से तीन नग कुकर बम बरामद किए, जिन्हें बाद में नष्ट कर दिया गया।



**थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम कोडलियार बिचपारा के जंगलों से तीन नग कुकर बम बरामद**

बताया जा रहा है कि नारायणपुर जिले में सर्चिंग पर निकले जवानों ने एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने पांच-पांच किलो वजनी तीन नग कमांड कुकर आईईडी बम लगाए थे। नक्सलियों ने ये कुकर बम नारायणपुर जिले के थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम कोडलियार बिचपारा और नीचेपारा के बीच के जंगलों में लगाए थे। सर्चिंग के दौरान जवानों को तीन नग कुकर कमांड आईईडी बरामद हुए। सभी आईईडी का वजन पांच-पांच किलोग्राम बताया गया। सुरक्षा बल की बीडीएस टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी बमों को नष्ट कर दिया। इसके अलावा, शनिवार को नक्सलियों की सूचना पर दंतेवाड़ा जिले के बारसूर क्षेत्र में पुलिस बल भेजा गया था, जहां से पांच पुरुष नक्सलियों के साथ एक महिला नक्सली को भी गिरफ्तार किया गया। उनके पास से भी आईईडी बरामद किए गए हैं।

## चिंतन

# चीन-अमेरिका में फिर शुरू होगी आर्थिक जंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर 'आर्थिक जंग' को भड़काते हुए चीन पर 100% अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। इससे दोनों देशों के बीच 'ट्रेड वार' और तेज होगी। दोनों देशों के बीच अधिकांश व्यापार ठप होने की आशंका है। दूसरी तरफ, ट्रंप का कहना है कि यह कदम चीन द्वारा दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में उठाया है। वहीं, चीन ने भी इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि वह टकराव नहीं चाहता, लेकिन उकसाए जाने पर जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वे टैरिफ युद्ध से डरते नहीं हैं और अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे। बता दें कि रेयर अर्थ मिनरल्स का सबसे ज्यादा इस्तेमाल स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कार, सेमीकंडक्टर या चिप से जुड़े उद्योगों, पानी से चलने वाले टरबाइन और जेट इंजन जैसे उत्पादों में किया जाता है। इस टकराव का असर पूरी दुनिया की सप्लाई चेन पर पड़ेगा। चीन का दुनिया की 70% रेयर अर्थ सप्लाई और 90% प्रोसेसिंग पर नियंत्रण है। ऐसे में अमेरिका या यूरोप के किसी देश के लिए इन खनिजों के बिना तकनीकी उत्पादन जारी रखना असंभव है। इस कदम से टेक कंपनियों, ऑटोमेकर्स और डिफेंस सेक्टर की लागत कई गुना बढ़ेगी। शुक्रवार को ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की। नया टैरिफ 1 नवंबर से प्रभावी होगा। चीन से अमेरिका में आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। इससे पहले ट्रंप ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था, तब चीन ने यूएस पर 125% टैक्स लगाया था। बातचीत के बाद अमेरिका ने टैरिफ 30% और चीन ने 10% किया था। कुछ समय की शांति के बाद अब दोनों देश फिर ट्रेड वॉर की कगार पर खड़े हैं। इस फैसले से इसी माह होने वाली अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात भी अधर में लटक सकती है। भारत के संदर्भ में इसे देखें तो अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर नाराजगी के चलते भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जिसका भारत ने कड़ा विरोध करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया है। हालांकि चीन-अमेरिका के बीच ट्रेड वार में भारतीय निर्यातकों को फायदा हो सकता है। चीन से जाने वाला सामान अमेरिका में महंगा होगा। इससे अब अमेरिकी बाजार में चीन की जगह भारत ले सकता है। इससे कपड़ा, खिलौना और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे सेक्टरों में निर्यात बढ़ेगा। इससे पहले चीन ने रेयर-अर्थ एलिमेंट्स और संबंधित वस्तुओं पर निर्यात नियंत्रण उपाय जारी किए थे। चीन के पास दुनिया के 17 प्रमुख रेयर अर्थ खनिज हैं। पहले वह इनमें से 7 पर नियंत्रण रखता था, उसने 5 और पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिए। अब चीन का नियंत्रण 12 पर हो गया। अब कोई विदेशी कंपनी अगर इन खनिजों का इस्तेमाल करेगी, तो उसे चीनी सरकार से लाइसेंस लेना होगा। तकनीक के रथ पर सवार 21वीं शताब्दी का उभार बहुत हद तक रेयर अर्थ मिनरल्स पर टिका है। लेकिन इसमें महारत रखने वाले चीन ने जैसे ही निर्यात नियमों पर सख्ती लागू की तो अमेरिका ने भी ड्रैगन के सभी उत्पादों पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इससे दुनिया के दो बड़े देशों के बीच 'आर्थिक जंग' गहराने का खतरा बढ़ गया है। यदि यह जंग और बढ़ती है तो सभी देशों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



संदेश
राजीव खंडेलवाल

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी।

# नोबेल पुरस्कार ने अपनी इज्जत बचाई

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 10 अक्टूबर को ओस्लो में वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। यह सम्मान उन्हें वेनेजुएला के नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण संक्रमण के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के कारण दिया गया। वस्तुतः मारिया को यह पुरस्कार दिया जाना विश्व के सभी लोकतांत्रिक (तथाकथित) तानाशाहों के लिए स्पष्ट संदेश है। जो भी व्यक्ति लोकतंत्र को बचाने और उसे सशक्त बनाने के लिए कदम उठाएगा, विश्व उसके शांतिपूर्ण प्रयासों को नमन करेगा, चाहे वह सत्ता के विरुद्ध ही क्यों न खड़ा हो। वास्तव में नोबेल शांति पुरस्कार का उद्देश्य भी यही है-शांति को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों की रक्षा करना और संघर्षों के समाधान में योगदान देना। नोबेल पुरस्कार में एक मिलियन अमेरिकन डॉलर अर्थात 8.30 करोड़ रुपये की राशि भी मिलेगी। अंततः नोबेल पुरस्कार की जीत हुई।

जब से डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार पाने की "हुंकार" लगाते हुए स्वयंभू दावेदारी भरी थी, तभी से ट्रम्प की दादागिरी, सनक व ''टैरिफ वार'' के ''हथियार'' का उपयोग कर विश्व में ट्रम्प के बढ़ते दबाव के कारण "नोबेल पुरस्कार" बहुत डरा हुआ ''असहज'' हो गया था। एक वजह यह भी थी कि "नोबेल" किसी "कसाई के खूंटे से बंधने" के लिए तैयार नहीं था और न ही घुटने टेकने के लिए तैयार था। क्योंकि "नोबेल" तो "शांति का प्रतीक" है, जिसे कोई "शांति दूत" ही प्राप्त करने का अधिकारी हो सकता है। जबकि विश्व के विभिन्न हिस्सों में चल रहे अधिकांश युद्धों में विश्व का "दादा" बनने की चाह में ट्रंप की भूमिका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रही है। ट्रम्प पहले युद्ध को भड़काने और बढ़ाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं, और फिर "चौधरी" बनकर ''चौधराहट'' कर सैन्य शक्ति और बमबारी के दम पर शांति स्थापित करने की नौटकीं कर "नरेटिव" बनाने की कोशिश करते हैं। ट्रंप की यह तथाकथित "शांति स्थापना" असल में 24 कैरेट की नहीं, बल्कि 5 माइक्रॉन गोल्ड-पॉलिश वाली थी। दिखने में चमकदार, पर असली नहीं। सच तो यह है कि अगर अमेरिका अपने सैन्य उद्योगों व सामानों के लिए बाजार के लिए युद्ध न भड़काए, तो विश्व में स्वयंमेव शांति बनी रह सकती है। आखिर "जिसका धंधा ही कफन और ताबूत का हो, वह शांति कैसे चाहेगा!" यही कारण है कि इस बार वास्तव में शांति और लोकतंत्र दोनों की जीत हुई है। पिछले छह महीनों से डोनाल्ड ट्रंप हर मंच पर जबरदस्त लॉबिंग कर प्रयासरत थे कि उन्हें 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार मिल जाए। ट्रम्प ने दूसरे देशों पर भी जबरदस्ती दबाव बनाया। इतने अति आत्मविश्वास में थे कि उन्होंने वाईट हाउस में नोबेल पुरस्कार मिलने की आशा में स्वागत कार्यक्रम की तैयारी भी चालू कर दी थी। उनका तर्क था कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम से लेकर विश्व के कई हिस्सों में "शांति स्थापित करने" के सफल प्रयास किए हैं। अमेरिका के प्रतिष्ठित समाचार पत्र "द गार्जियन" के अनुसार, ट्रंप नोबेल पुरस्कार पाने की दृष्टि से इतने मोहग्रस्त हो गए थे कि उन्होंने अपनी विदेश नीति ही इस उद्देश्य से गढ़ ली थी। परंतु ट्रंप यह भूल गए कि "नोबेल"



पाने के लिए सिर्फ युद्धविराम नहीं, बल्कि मन और मंशा दोनों की शांति जरूरी है। अतः ''ट्रंप कार्ड'' (तुरूप का एक्का) नहीं चला। ट्रंप ने "नई टैरिफ नीति" लाकर "टैरिफ वॉर" छेड़ दी। यानी तथाकथित शांति की बात करते-करते नई ''अशांति'' पैदा कर दी। नोबेल के लिए जिस शांति की आवश्यकता है, वह सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक राजनैतिक, संवैधानिक, व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक समस्त क्षेत्रों में। सच तो यह है कि "कच्चे घड़े में पानी भरने के प्रयास में घड़ा बिखर जाता है"। हुआ यही। आज चर्चा इस बात की नहीं कि नोबेल पुरस्कार किसे मिला, बल्कि इस बात की ज्यादा है कि ट्रंप को नहीं मिला! यही असल में "नोबेल पुरस्कार" की जीत है, जिसने ट्रंप के बनाये "नरेटिव" को पूरी तरह ध्वस्त कर अपनी सर्वकालीन प्रतिष्ठा बनाये रखी। वैसे विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा नोबेल पुरस्कार की ''गंभीर दावेदारी करने'' नोबेल पुरस्कार की महत्ता व प्रतिष्ठा पर मोहर लगी। "नोबेल पुरस्कार" डोनाल्ड ट्रंप जैसे व्यक्ति के पास न जाकर सचमुच में उसने अपनी इज्जत बचा ली। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि "चक्की में से साबुत निकल आने वाले" ट्रंप ने भारत में अपने संपर्कों के माध्यम से किस तरह का दबाव बनाने की कोशिश की थी। परंतु अंततः वे औंधे मुंह ही गिर पड़े। "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद भारत-पाक युद्ध विराम का श्रेय लेने के लिए उन्होंने लगभग 50 बार दावा किया। यद्यपि भारत ने अधिकतम रूप से इससे इंकार किया। परन्तु प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नाम लेकर कभी सीधा खंडन नहीं किया। ट्रंप के "पालित जमूरे" पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ परस्पर घोर विरोधी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रंप को नोबेल पुरस्कार दिए जाने के लिए नामजद किया। इसी प्रकार अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव सहित पांच देशों ने भी उसी तर्ज पर उनका समर्थन किया। अहा! "सूप बोले तो चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद"! ''विश्व का सबसे पुराना'' लोकतंत्र वाला देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने "विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र" देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सैन्य करवाई से टैरिफ वार की धमकी द्वारा "बातचीत की टेबल" पर लाने का दावा कर अपने लिए "नोबेल" का रास्ता खोला। परंतु सच यह है कि "कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय के मद में चूर" ट्रंप ने खुद को "पीस प्रेसिडेंट" बताते हुए नौ महीने के कार्यकाल में "आठ युद्धों को समाप्त करने" का झूठा दावा किया। लोकतंत्र का सीधा संबंध शांति से होता है। यही कारण है कि तानाशाही शासक वाला देश वेनेजुएला में लोकतंत्र की रक्षा हेतु 30 वर्षों से संघर्षरत मारिया को यह पुरस्कार मिला।

आज जब हम चारों ओर नजर दौड़ाते हैं, तो पाते हैं कि लोकतांत्रिक देशों में भी "प्राकृतिक शांति" नहीं, बल्कि "दादागिरी की शांति" हावी है। लोकतंत्र भी आजकल निर्वाचित निरंकुश में बदल गया। ट्रंप अपनी "दादागिरी" स्थापित करने के लिए कभी युद्ध करवाते हैं, कभी रुक जाते हैं। नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए आपको "शांति दूत" बनना पड़ता है, न कि ''शांति का व्यापारी''। लेकिन आज की विश्व व्यापी राजनीति में भी ''परसेप्शन और ब्रांडिंग'' का बोलबाला है। इसलिए ट्रंप पहले युद्ध के मैदान ''सजाते'' हैं, दो देशों के बीच तनाव को बढ़ाते हुए युद्ध के दुष्चक्र में झोंक देते हैं, फिर कैमरे के सामने शांति के ''मसीहा'' बनने का असफल प्रयास करते हैं। इस बार नोबेल समिति ने न केवल एक सच्चे लोकतंत्र सेवी को सम्मानित किया, बल्कि स्वयं "नोबेल" की गरिमा और प्रतिष्ठा भी अक्षत रखी। इसलिए कहा जा सकता है। "नोबेल जीता नहीं, बल्कि इस बार सचमुच 'शांति' ने जीता है।"

(लेखक पूर्व बैतूल नगर सुधार न्यास अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य
मुनीष भाटिया



# त्योहारों की मिठास में घुल रहा मिलावट का ज़हर

भारत त्योहारों का देश है, जहाँ हर पर्व खुशियों, रिश्तों और मिठास का प्रतीक माना जाता है। दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन या होली, हर उत्सव में मिठाइयाँ हमारे भावनात्मक जुड़ाव का हिस्सा बन जाती हैं। कोई रिश्ता बिना मिठाई के अधूरा लगता है, क्योंकि यही मिठाई हमारी संस्कृति की पहचान है। दुखद सच्चाई यह है कि आज यही मिठाई धीरे-धीरे ज़हर में बदलती जा रही है। हर त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और नकली मावे का कारोबार चरम पर पहुँच जाता है, जिससे न केवल त्योहारों की पवित्रता प्रभावित होती है बल्कि आम लोगों का स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में पड़ जाता है। त्योहारों के समय मिठाइयों की मांग अचानक कई गुना बढ़ जाती है। बढ़ती मांग के बीच कुछ व्यापारी लालच के चलते शुद्धता की जगह सस्ते और हानिकारक विकल्पों का सहारा ले लेते हैं। असली दूध या खोये की जगह सिंथेटिक मावा बनाया जाता है, जिसमें यूरिया, डिटर्जेंट, तेल और स्टार्च जैसी चीजें मिलाई जाती हैं। यह दिखने में भले ही असली लगे, पर शरीर के लिए जहर साबित होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे पदार्थ लिवर, किडनी और दिल पर सीधा असर डालते हैं और लंबे समय में कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। त्योहारों से पहले देश के अलग-अलग राज्यों में खाद्य विभाग और पुलिस द्वारा भारी मात्रा में नकली मावा और दूध की खेप पकड़ी जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा, कानपुर, झांसी, ग्वालियर और भोपाल में लाखों लीटर मिलावटी दूध और सैकड़ों किलो नकली मावा पकड़ा गया है। कई बार ये खेपें राज्यों की सीमाओं के पार से ट्रक भरकर लाई जाती हैं, ताकि त्योहारों के समय अचानक बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा सके। यह स्पष्ट होता है कि त्योहारों की भीड़-भाड़ और बढ़ते उपयोग ने मिलावटखोरों के लिए एक बड़ा और संगठित बाजार तैयार कर दिया है, जहाँ लालच के आगे न तो सेहत की चिंता बची है और न ही नैतिकता की परवाह। आज मिठाइयों की चमक जितनी बढ़ी है, उतनी ही उसमें खतरे की परतें भी चढ़ी हैं। बाजारों में बिकने वाली चमकीली बर्फी और रंगीन मिठाइयाँ आकर्षक ज़रूर लगती हैं, लेकिन अक्सर इनमें कृत्रिम रंगों और रसायनों का प्रयोग किया जाता है। ये रंग खाद्य उपयोग के लिए प्रमाणित नहीं होते। इन्हें वस्त्र या पेंट उद्योग में इस्तेमाल किया जाता है, पर सस्ते दामों में आसानी से मिलने के कारण कई व्यापारी इन्हें मिठाइयों में मिला देते हैं। ये रंग शरीर में एलर्जी, पेट के संक्रमण, त्वचा संबंधी रोग और दीर्घकाल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकते हैं। भारतीय मिठाइयों की पहचान कही जाने वाली 'चांदी का वर्क' भी अब शुद्धता की गारंटी नहीं रह गया है। परंपरागत रूप से यह वर्क असली चांदी से बनाया जाता था, जो शरीर के लिए हानिकारक नहीं है। परंतु अब कई जगहों पर एल्यूमिनियम से बने नकली वर्क का उपयोग हो रहा है, जो सस्ता होता है लेकिन स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। यह एल्यूमिनियम शरीर के तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाता है और लंबे समय तक सेवन करने पर याददाश्त कमजोर होने, सिरदर्द और न्यूरोलॉजिकल विकारों का कारण बन सकता है। कई बार मिठाई बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी भी होती है और मिलावटी मावा या रंगीन पदार्थ जब्त किए जाते हैं। परंतु सच्चाई यह है कि ये कार्रवाइयाँ अक्सर सीमित और दिखावटी रह जाती हैं। कई बार पकड़े गए व्यापारी मामूली जुर्माना भरकर फिर वही कारोबार शुरू कर देते हैं। स्थायी सुधार तब तक संभव नहीं, जब तक खाद्य सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू न किया जाए और दोषियों को कठोर दंड न मिले। मिलावटी मिठाइयां सिर्फ स्वाद की धोखाधड़ी नहीं, बल्कि जीवन के साथ खिलवाड़ हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह और भी खतरनाक साबित होता है। त्योहारों के मौसम में खाद्य सुरक्षा विभाग को राज्य स्तर पर विशेष अभियान चलाने चाहिए। प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि नमूनों की जांच तेज़ी से हो सके। दोषियों पर सख्त दंड और सार्वजनिक नामांकन का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को बताया जाए कि असली और नकली मावे में अंतर कैसे पहचाना जाए। यदि हम मिलावटी मिठाइयों के मोह में स्वास्थ्य खो दें, तो त्योहारों की खुशी का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा। कुछ पल की नकली मिठास का असर वर्षों तक शरीर पर भारी पड़ता है। आज आवश्यकता है सामूहिक प्रयास की, सरकार, व्यापारी और उपभोक्ता तीनों की साझा जिम्मेदारी ही इस संकट का स्थायी समाधान बन सकती है। शुद्धता से भरा एक छोटा टुकड़ा मिठाई, नकली चमक से भरे किलो भर ज़हर से कहीं बेहतर है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
**दर्शन**

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**न्यूनतम पेंशन में की जाए वृद्धि**


केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। इसलिए उचित पेंशन जरूरी है।

*- विकास जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# फिलीपीन के जहाज को चीनी तटरक्षत बल ने मारी टक्कर

चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपीन सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। फिलीपीन के तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी। हालांकि इस घटना में फिलीपीन के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपीन के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया। चीन ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। फिलीपीन तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टैरिएला ने एक बयान में कहा कि इस तरह की आक्रामकता फिलीपीन को ''किसी भी विदेशी ताकत को अपनी जमीन का एक इंच भी सौंपने'' के लिए मजबूर नहीं करेगी।



## ऑफ बीट

# विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



## ट्रेंड

### आपातकाल के कष्ट

आज की युवा पीढ़ी शायद नहीं जानती कि आपातकाल के समय हमने क्या-क्या कष्ट झेले थे। घुटनों और कोहनियों पर डंडे मारे गए, गालियाँ दी गईं, किसी को बिजली के करंट के झटके दिए गए, किसी को बर्फ की सिल्ली पर सुला दिया गया

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



### आत्मनिर्भर भारत

दिल्ली के बाजारों, दिवाली मेलों और मिलन समारोहों में इस बार उत्साह का नया रंग है। हर आयोजन में आत्मनिर्भर भारत का संदेश है। आयोजक सभी नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक कर रहे हैं और व्यापार को नई दिशा मिली है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### महिलाओं का उत्पीड़न

उत्तर प्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों में महिलाओं के उत्पीड़न, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। सरकार को इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की सख्त जरूरत है।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



### लैंगिक समानता जरूरी

लैंगिक समानता सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। हमें हर बालिका के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने होंगे, उन्हें बदलाव की अग्रिम पंक्ति में रखकर, उनकी आकांक्षाओं पर प्रतिक्रिया देकर और उन्हें निर्णय लेने के क्षेत्र में शामिल करके।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## एनडीए में सीट बंटवारे का ऐलान!

# भाजपा और जेडीयू बराबर तो चिराग 29, उपेंद्र और मांझी 6-6 सीटों पर ठोंकेंगे ताल

एनडीए में कई राउंड की बैठकों के बाद यह फॉर्मूला निकला है। एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला की घोषणा साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं हुई बल्कि नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। इसमें संजय झा, उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आदि शामिल रहे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे का ऐलान हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू और बीजेपी ने 101-101 बराबर सीटें अपने पास रखी हैं। वहीं, चिराग पासवान की लोजपा रामविलास को 29 सीटें मिली हैं।

उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 6 और जीतनराम मांझी की हम (हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा) को भी 6 सीटें मिली हैं। एनडीए में कई राउंड की बैठकों के बाद यह फॉर्मूला निकला है।एनडीए में सीट शेयरिंग फॉर्मूला की घोषणा साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं हुई बल्कि गठबंधन के नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, आरएलएम चीफ उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत अन्य नेताओं ने रविवार को ट्वीट कर सीट बंटवारे का आंकड़ा साझा किया।

### नेताओं ने एक्स पर जानकारी दी

साझा प्रेस कान्फ्रेंस नहीं की, आंकड़े जारी किए

### अब घटक दलों की सूची आनी शुरू होगी



बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग होने के बाद अब घटक दलों की सूची आना शुरू हो जाएगी। भाजपा में उम्मीदवारों के नाम लगभग फाइनल हो चुके हैं। रविवार शाम को दिल्ली में हो रही पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस पर मुहर लगी है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में भी कैंडिडेट फाइनल हो चुके हैं। लोजपा (रामविलास) ने भी कहा था कि एनडीए में सीट बंटवारा होने के बाद चिराग कैंडिडेट लिस्ट जारी कर देंगे।

### कई दौर की चर्चा के बाद यह फॉर्मूला निकला

कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश की जेडीयू, भाजपा से एक सीट ज्यादा अपने पास रखेगी। मगर दोनों ही दलों ने बराबर सीटों पर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला लिया है। दोनों ने साफ संदेश दिया है कि गठबंधन में छोटा या बड़ा भाई फिलहाल कोई नहीं है। फिलहाल एनडीए में कौन-सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी यह ऐलान हुआ है। अब लड़ी जाने वालीं सीटों के नामों का इंतजार है।

## लालू-राबड़ी के साथ दिल्ली पहुंचे तेजस्वी

### सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम दौर में महागठबंधन में सब कुछ ठीक चल रहा



बिहार में इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग फंसे पेंच को सुलझाने के राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके पुत्र तथा उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव रविवार को दिल्ली पहुंच गए। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी दिल्ली पहुंचे हैं। चर्च है कि तेजस्वी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। इधर, पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों के सवाल पर लालू ने कोई भी जवाब नहीं दिया। दिल्ली में जब पत्रकारों ने उनसे सीट बंटवारे को लेकर सवाल पूछा तो कहा कि बातचीत चल रही है। सीट बंटवारे पर तेजेस्वी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक है। कहीं कोई नाराज नहीं है। जल्द ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। मेरे द्वारा नौकरी देने की घोषणा पर सत्ता पक्ष के लोग परेशान हो रहे हैं। मगर मैंने जो कहा है वह करूंगा।

### राजद ने करीब 80 सीटों पर तय किए अपने उम्मीदवार

पटना एयरपोर्ट पहुंचने से पहले जब लालू परिवार राबड़ी आवास से निकला तो राजद कार्यकर्ताओं ने लालू के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कुछ ऐसे भी लोग थे जो कि कुछ सीटों पर वर्तमान विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग कर रहे थे। र कहा जा रहा करीब 80 से अधिक सीटें ऐसी हैं, जहां उम्मीदवारों का नाम राजद के शीर्ष नेतृत्व ने कर लिया है। तेजस्वी यादव इस बार खुद ही हर एक सीट पर उतारे गए उम्मीदवार की समीक्षा कर रहे हैं। टिकट उन्हीं को दिया जा रहा है जो मजबूती से राजद का झंडा उस विधानसभा में बुलंद कर हर हाल में जीत दिला सके। वहीं कुछ सीटों पर कांग्रेस अपने खाते में चाह रही है। इसलिए पेंच फंसा हुआ है।

#### लालू-तेजस्वी को बड़ा झटका

### नवादा और रजौली के विधायकों ने दिया इस्तीफा

बिहार चुनाव से पहले लालू प को बड़ा झटका दिया है। राजद विधायक संगीता कुमारी, भरत बिंद, चेतन आनंद के बाद अब दो और विधायकों ने भी अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को सौंप दिया है। नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) से विधायक प्रकाश वीर ने अपना इस्तीफा दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से यह लोग राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज चल रहे थे।

#### तेज प्रताप ने तेजस्वी को किया अनफॉलो

### आज उतारेंगे अपने प्रत्याशी



बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव फिर से चर्चा में हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हेंडल एक्स से अनफॉलो कर दिया है। तेज जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) सोमवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी।

### मरते दम तक एनडीए का साथ नहीं छोड़ेंगे: मांझी



हम के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह पूरी तरह से एनडीए के साथ हैं और अंतिम समय तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ नहीं छोड़ेंगे। मांझी ने कहा कि मैं अपने अंतिम सांस तक प्रधानमंत्री के साथ रहूंगा। मांझी यहीं नहीं रुके, उन्होंने बिहार के भविष्य की तस्वीर साफ करते हुए एक नारा भी दिया। उन्होंने लिखा, बिहार में बहार होगी, नीतीश संग मोदी जी की सरकार होगी।

### पीएम मोदी 15 को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' पर करेंगे बात

पीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें और आज ही अपने सुझाव साझा करें। मैं कुछ चुनिंदा कार्यकर्ताओं से उनके सुझावों पर सीधे चर्चा भी करूंगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए, जिसमें जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं।

### सीट बंटवारे का ऐलान आज, आल इज वेल: वीरेंद्र



महागठबंधन में सीट शेयरिंग फॉर्मूला का ऐलान सोमवार को होगा। आरजेडी के वरीय नेता एवं विधायक भाई वीरेंद्र ने दावा किया कि महागठबंधन में सब ठीक है और सब हो गया है। सोमवार प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ साफ हो जाएगा। राजद, कांग्रेस, लेफ्ट समेत सभी घटक दलों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने महागठबंधन में सीटों को लेकर घटक दलों के बीच मतभेद की अटकलों से इनकार कर दिया।

### पीके के खिलाफ मामला दर्ज



जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीके के खिलाफ वैशाली जिले के राघोपुर थाने में केस दर्ज किया गया है। पीके पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि पीके सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ राघोपुर पहुंचे थे।

---

## खबर संक्षेप

### संघ को स्कूल-कॉलेज पार्क में न दें अनुमति



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखा है पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के मैदानों में आरएसएस के कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने अपील की है कि सार्वजनिक पार्कों और मंदिरों में भी कार्यक्रमों को अनुमति न दें।

### गोरखपुर में एसी में शॉर्ट सर्किट से एंबुलेंस में आग



**गोरखपुर।** कुशीनगर हाईवे पर सोनबरसा ओवरब्रिज पर रविवार अपराह्न चलती एंबुलेंस में आग लगने से अफरातफरी मच गई। एसी में शार्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी, जिसने कुछ ही मिनटों में भयंकर रूप ले लिया। एंबुलेंस के सीएनजी टैंक में धमाका हुआ, जिससे भगदड़ मच गई और 1 घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### ड्राइवर को पड़ा दिल का दौरा, 9 वाहनों को रौंदा

**बेंगलुरु।** यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की एक बस अनियंत्रित होकर 9 वाहनों से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब बस चालक को अचानक दौरा पड़ा और एक्सीलेरेटर दबा दिया।

---

## दुर्गापुर मामले पर मुख्यमंत्री ममता का अजीबोगरीब बयान

# लड़की आधी रात में कॉलेज से बाहर कैसे आई? किसी को भी नहीं 'बख्शा' जाएगा

एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात पर सीएम ममता बेनर्जी ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा ये वारदात चौंकाने वाला है। हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती। सीएम ममता ने आगे कहा कि वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस अन्य की तलाश कर रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान सीएम ममता ने ये भी कहा कि निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। ममता ने कहा कि वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी है कि वे रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गईं। जहां तक मुझे पता है कि यह वन क्षेत्र में हुआ था, इसलिए 12.30 बजे मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, जांच जारी है। दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। 3 लोग पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात पर सीएम ममता ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा ये वारदात चौंकाने वाला है।

### दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात

पुलिस कर रही मामले की जांच निजी कॉलेज पर ही उठाए सवाल



### विपक्ष पर पलटवार, दूसरे राज्यों का दिया हवाला

इस मामले में विपक्ष की तरफ से सरकार पर निशाना साधे जाने पर सीएम ममता ने पलटवार भी किया है। उन्होंने कहा कि आप मुझे बताइए कि ओडिशा में 3सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ, ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है। अगर ऐसा दूसरे राज्यों में भी होता है तो भी यह निंदनीय है। हमने उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा में भी ऐसे कई मामले देखे हैं, इसलिए सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### यह है पूरा मामला

ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली छात्रा के साथ दुर्गापुर में कुछ लोगों ने पर दुष्कर्म किया। छात्रा की हालत अब स्थिर बताई जा रही है, उसका अस्पताल में ही इलाज चल रहा है और उसने पुलिस को अपना बयान दे दिया है। यह घटना शोभापुर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई। छात्रा रात में अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी। इस दौरान कैंपस गेट के पास ही एक आरोपी ने उसे जबरन पीछे के सुनसान इलाके में खींच लिया और दुष्कर्म की वारदात को किया। बाकी आरोपियों ने भी घिनौने कृत्य किए।

### लॉकेट ने उठाए राज्य सरकार पर सवाल

#### ममता तालिबानी शासन चला रहीं

भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी ने दुर्गापुर गैंगरेपकांड पर कहा कि



इमारत पर 'इमरजेंसी' का लेबल लगा है, लेकिन यह बंद है। इसे 24 घंटे खुला रहना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के कारण, पुलिस अंदर है। पुलिस अंदर क्यों हो? डॉक्टर बाहर हैं, पुलिस अंदर है। यहां ममता का शासन चल रहा है। यहां तालिबान या पाकिस्तान जैसा शासन चल रहा है। यहां किसी महिला को रात में जंगल में नहीं जाना चाहिए।

### ममता ने तो पीड़िता को ही दोषी ठहराया



भाजपा के आई हेड अमित मालवीय ने कहा कि ममता ने पीड़िता को दोष दिया। बंगाल रेपिस्टों का सुरक्षित ठिकाना। यूनियन मंत्री सुकांता मजुमदार ने कहा कि ममता का 'रात में न निकलें' बयान महिलाओं के लिए खतरा।

### पीड़िता के पिता ने खतरे की जताई आशंका

पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी के स्वास्थ्य की जानकारी साझा करते हुए बताया कि वह चलने में असमर्थ है और बिस्तर पर पड़ी है। मुख्यमंत्री, डीजी, एसपी और कलेक्टर सभी हमारी बहुत मदद कर रहे हैं और नियमित रूप से उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। मैंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे हमें मेरी बेटी को यहां से ओडिशा ले जाने दें, किसी सुरक्षित स्थान पर, क्योंकि यहां उसकी सुरक्षा खतरे में है।

### तीनों आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

सामूहिक दुराचार के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को एक अदालत ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपियों पर सामूहिक बलात्कार और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। दुर्गापुर के एसडीजेएम ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष के वकील ने कथित अपराध में संलिप्त अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पूछताछ के वास्ते उनकी पुलिस हिरासत का अनुरोध किया। ओडिशा की रहने वाली मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ शुक्रवार रात पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज परिसर के बाहर कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया, जब वह एक दोस्त के साथ रात का खाना खाने गई थी।

---

#### हरियाणा के आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार का मामला

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने परिजनों को लिखा भावुक पत्र जातिगत भेदभाव पर सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार को एक भावुक पत्र लिखकर गहन शोक व्यक्त किया है। पूरन कुमार ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित अपने आधिकारिक आवास पर कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। उनके सुसाइड नोट में 16 वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम का जिक्र करते हुए जातिगत उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। खरगे ने पत्र में कहा, मैं यह पत्र लिखते हुए गहन दुख और आहत हूं। आपके पति, एडीजीपी वाई. पूरन कुमार, जो हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी थे, ने सामाजिक पूर्वाग्रहों और असमानताओं से जूझते हुए अपना जीवन समाप्त कर लिया। यह घटना न केवल दर्दनाक है, बल्कि सामाजिक अन्याय, अमानवीयता और असंवेदनशीलता का भयावह प्रमाण है। उन्होंने आगे जोड़ा, हम चंद्रमा पर अपना झंडा फहराने की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, लेकिन संविधान द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी वाले उन लोगों को सशक्त बनाने में असफल रहे हैं, जो जनता को पीड़ा और अन्याय से मुक्ति दिलाने के लिए बाध्य हैं। यह शर्मनाक है।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार, जो दलित समुदाय से थे, उन्होंने अपने नौ पेज के नोट में वर्षों से चली आ रही जाति-आधारित अपमान और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा व्यवस्थित उत्पीड़न का जिक्र किया था। इसमें पूर्व डीजीपी सहित कई बड़े नाम शामिल थे। उनकी पत्नी अमनीत कुमार, जो खुद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर नामित अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी और निलंबन की मांग की है। उन्होंने एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट के कमजोर प्रावधानों पर भी सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस ने इस घटना को भाजपा के 'मनुवादी' तंत्र का परिणाम बताते हुए कड़ी निंदा की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा-आरएसएस द्वारा पोषित यह अन्यायपूर्ण व्यवस्था दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की स्वाभिमान को कुचल रही है, जो संविधान और लोकतंत्र के लिए घातक है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी 11 अक्टूबर को अमनीत को पत्र लिखकर समर्थन का आश्वासन दिया, जबकि राहुल गांधी ने इसे जाति के नाम पर फैल रहे 'सामाजिक जहर' का प्रतीक बताया। चंडीगढ़ पुलिस ने जांच के लिए छह सदस्यीय एसआईटी गठित की है, लेकिन परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच में हस्तक्षेप के आरोप लगाए हैं। पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने स्वतंत्र जांच की मांग की, जबकि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जातिगत उत्पीड़न पर सवाल उठाए। दलित संगठनों ने हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं।

---


## सूचना के अधिकार के हुए 20 साल

# केंद्र सरकार ने आरटीआई को सुनियोजित तरीके से खत्म करने का प्रयास किया: कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम को सुनियोजित तरीके से खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है और केंद्रीय सूचना आयोग शक्तिहीन संगठन बनकर रह गया है। वर्ष 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा लागू किए गए आरटीआई अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के लिए आरटीआई का मतलब 'राइट टू इंफ़ॉर्मेशन' नहीं बल्कि 'राइट टू इंटिमिडेट' यानि धमकाने का अधिकार है।

### कांग्रेस ने जनता को दिए थे क्रांतिकारी हथियार



जयराम रमेश ने आरटीआई को एक क्रांतिकारी अधिनियम बताते हुए कहा कि इसने एक परिवर्तनकारी दशक की शुरुआत की, जिसके दौरान यूपीए सरकार द्वारा इन अधिनियमों में मनरेगा, वन अधिकार अधिनियम 2006, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 जैसे कानून लागू किए गए।

#### 2 सालों से 7 सूचना आयुक्तों के पद रिक्त

जयराम रमेश ने इस तरफ भी ध्यान दिलाया कि मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली पड़ा है और पिछले 11 सालों में सातवीं बार ऐसा हुआ है। पिछले दो साल से सात सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की गई है। लाखों आरटीआई आवेदन लंबित हैं और सीआईसी केवल दो सूचना आयुक्तों द्वारा चलाया जा रहा है।

#### अधिनियम के खिलाफ़ लिखा मंत्री को पत्र

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत जानकारी के नाम पर अब सांसदों, मंत्रियों और अफसरों की शिक्षा, पृष्ठभूमि या काम से संबंधित जानकारी को भी रोका जा सकता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा है कि इस अधिनियम को लागू न किया जाए, इसकी समीक्षा की जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह बिना संशोधन के लागू हो गया तो आरटीआई पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

### सिस्टम में पारदर्शिता था मकसद

कांग्रेस नेता ने बताया कि आरटीआई का मकसद शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही लाना था ताकि जनता को एक अधिकार के रूप में सरकारी फाइलों में छिपी जानकारी जनता को अधिकार के रूप में हासिल हो। लेकिन मोदी सरकार 2019 में अधिनियम में एक संशोधन लेकर आई, ताकि इसे कमजोर किया जा सके और केंद्रीय सूचना आयोग को एक शक्तिहीन संस्था में बदला जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2005 में जब यह कानून बना था, तब यूपीए सरकार ने स्थायी समिति की सभी सिफारिशों को माना था, लेकिन 2019 में मोदी सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम में संशोधन करते समय उस स्थायी समिति की सिफारिशों को खारिज कर दिया, जिसके सदस्य राम नाथ कोविंद और विजय कुमार मल्होत्रा जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता थे। जयराम रमेश ने कहा कि 2019 के संशोधनों के बाद मार्च 2023 में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के पारित होने से आरटीआई को दूसरा बड़ा झटका लगा, जिसके माध्यम से आरटीआई का लगभग अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने यह याद दिलाया कि मोदी सरकार द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम के माध्यम से आरटीआई में संशोधन लाया गया है। इसकी धारा 44(3) कहती है कि व्यक्तिगत जानकारी पर आरटीआई लागू नहीं होगा।

### कांग्रेस का दावा इन कारणों से आरटीआई खत्म करने पर हैं आमादा

कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार द्वारा आरटीआई अधिनियम को कमजोर करने के पांच कारण गिनाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सूचना आयुक्त ने एक निर्णय दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री की जानकारी जो मांग रहे हैं, उन्हें वो मिलनी चाहिए। दूसरा कारण यह था कि आरटीआई से पता चला कि करोड़ों फर्जी राशन कार्ड के संबंध में प्रधानमंत्री के दावे गलत थे। तीसरा कारण यह था कि आरटीआई से जानकारी मिली कि नोटबंदी के चार घंटे पहले हुई आरबीआई के सेंट्रल बोर्ड की बैठक में यह कहा गया था कि नोटबंदी से काले धन और नकली नोटों पर कोई असर नहीं होगा। चौथा कारण यह था कि आरटीआई के जरिए सरकार से जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वालों की सूची मांगी गई थी, जिस पर केंद्रीय सूचना आयोग ने बताया था कि यह सूची तत्कालीन आरबीआई गवर्नर ने प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपी थी। पांचवां कारण यह था कि आरटीआई के जरिए ये जानकारी मांगी गई थी कि देश में कितना काला धन वापस आया है, जिसके जवाब में बताया गया कि कोई काला धन वापस नहीं लाया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका छह सालों से फांक रही है धूल

जयराम रमेश ने बताया कि 17 दिसंबर 2019 को उन्होंने आरटीआई अधिनियम में संशोधन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जो कि छह साल बीत जाने के बाद भी लंबित है। उन्होंने मांग की कि इस याचिका पर अंतिम निर्णय जल्दी आए। इसके अलावा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम की धारा 44(3) को वापस लिया जाए। साथ ही सूचना आयुक्तों के सभी रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए।

## खबर संक्षेप

### डीएमआरसी के डायरेक्टर को विशेष प्रशंसा पत्र

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष, जनरल उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक, डॉ. विकास कुमार को विशेष 'प्रशंसा पत्र' प्रदान किया गया। यह प्रशंसा पत्र, डॉ. कुमार को भारतीय सेना के प्रति उनके 'असाधारण योगदान एवं उत्कृष्ट प्रतिबद्धता' के लिए दिया गया। डीएमआरसी और सशस्त्र बलों के बीच सदैव सहयोगपूर्ण संबंध रहे हैं तथा दिल्ली मेट्रो ने भारतीय सेना के सभी प्रयासों में अपनी सर्वोत्तम सहायता प्रदान की है।

# दिवाली के लंबे सप्ताहांत के कारण आतिथ्य और यात्री सेवा क्षेत्र में उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है।

- शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज

## मनोरंजनक स्थलों की अच्छी बुकिंग दर्ज

### सबसे अधिक बुकिंग पांच महानगरों से

मागो ने आगे कहा कि सबसे अधिक बुक किए गए शीर्ष 10 गंतव्यों में से पांच महानगर हैं - दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई। मागो ने कहा, "इस साल, त्योहार सप्ताह के शुरुआत में पड़ने के कारण, कई यात्री लंबे समय तक उत्सव का आनंद लेने के लिए उससे पहले वाले शुक्रवार से ही अपनी यात्राएं बुक कर रहे हैं।"

### होटल में बुकिंग बढ़ी है

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।



*यात्रा विकल्पों में व्यापक विविधता : काचरू ने कहा, "यह यात्रा विकल्पों में व्यापक विविधता को दर्शाता है, क्योंकि घरेलू पर्यटक पारंपरिक महानगरों से आगे बढ़कर अधिक सार्थक और यादगार यात्राओं की ओर रुख कर रहे हैं।"*

### यात्री अनोखे अनुभवों की तलाश में

काचरू ने कहा, "इस सीजन में बुकिंग का तरीका दर्शाता है कि यात्री सुविधा, लचीलेपन और चुनिंदा अनुभवों को प्राथमिकता देते हैं। काचरू, जो रेडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के चेयरमैन भी हैं, ने आगे कहा कि दूसरी श्रेणी के शहरों और उभरते गंतव्यों में मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, क्योंकि यात्री विरासत स्थलों, स्थानीय संस्कृति और अनोखे अनुभवों की तलाश में हैं।

### पारिवारिक व अवकाश यात्राओं की संख्या बढ़ी

धवन ने कहा, "... दिलचस्प बात यह है कि विकास की गति दूसरी और तीसरी श्रेणी के 'कॉरिडोर' द्वारा संचालित हो रही है, जो अब कुल बुकिंग का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा है क्योंकि लोग त्योहारों के लिए अपने गृह नगर लौटते हैं। उन्होंने कहा, "विमानन क्षेत्र में भी, यात्रा तरीके में बदलाव स्पष्ट है, जहां नियमित अवधि की तुलना में पारिवारिक और अवकाश यात्राओं की संख्या लगभग 65-70 प्रतिशत है।

### बीएमडब्ल्यू इंडिया की तीसरी तिमाही में बिक्री 21% बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने इस साल तीसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में अपनी अब तक की सबसे अधिक 4,204 कारों की बिक्री की। यह पिछले साल की समान अवधि की बिक्री से 21 प्रतिशत अधिक है। जर्मनी की लक्जरी वाहन विनिर्माता बीएमडब्ल्यू को उम्मीद है कि जीएसटी दर में कटौती भारत में बढ़ेगी अनुमान से कहीं अधिक है।

### बीते सप्ताह मांग बढ़ने से मूंगफली तेल में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में मांग बढ़ने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा संभावित सट्टेबाजी की वजह से दाम ऊंचा लगाये जाने के कारण पाम-पामोलीन के दाम में मजबूती रही। निर्यात मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन तथा आवक बढ़ने के बीच बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। त्योहारी मांग के कारण सोयाबीन दिल्ली तेल के दाम में मामूली सुधार आया।

## हमलों को रोकने साइबर योद्धाओं की टीम 24 घंटे काम करती है

# एनएसई पर रोज होते हैं 17 करोड़ साइबर हमले टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

*नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है।*

### कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

### एक्सचेंज उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस

दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं। अधिकारी ने कहा, "तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है।"

### परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं

एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं।




- आपरेशन सिंदूर के दौरान एक दिन में 40 करोड़ साइबर हमले किए गए
- हमले डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया थे
- टीम विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके हमलों का मुकाबला करती हैं

### हमला उद्योगों के लिए भी गंभीर खतरा

अधिकारी ने बताया कि डीडीओएस हमला सर्वर पर कई स्रोतों से आने वाले ट्रैफिक को बढ़ा देता है, जिससे वह क्रैश हो जाता है या वैध उपयोगकर्ताओं के लिए अनुपलब्ध हो जाता है। यह शेयर बाजार जैसे निर्बाध संचालन पर निर्भर उद्योगों के लिए एक गंभीर खतरा है।

### हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकाल

सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन माध्यमों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलने पर 'पॉप-अप' और 'अलर्ट' तुरंत जारी किए जाते हैं।

### वित्तीय बाजार की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा

एनएसई नेतृत्व ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में न केवल एक्सचेंज के सिस्टम, बल्कि 'हमसे जुड़ी हर चीज प्रभावित होगी। अधिकारियों ने आगे कहा कि बढ़ते वैश्विक अंतर्संबंध और प्रणाली की जटिलता ने बड़े पैमाने पर साइबर हमलों के जोखिम को और भी प्रासंगिक बना दिया है, जिससे वित्तीय बाजारों की स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

### विदेशी निवेशकों के लिए वेबसाइट बंद की गई

शीर्ष अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हुई एक घटना के बारे में जानकारी साझा की।अधिकारियों ने बताया कि उस अवधि के दौरान अत्यधिक सुरक्षा खतरे के जवाब में एनएसई ने एहतियाती उपाय के रूप में विदेशी उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी वेबसाइट तक पहुंच को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित करने का एक सचेत निर्णय लिया।

# बाल्को ने भारत के सबसे बड़े स्मेल्टर से पहली धातु का किया उत्पादन

एजेंसी ▶▶| कोरबा



वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने देश के सबसे बड़े 525 किलो एम्पीयर (केए) स्मेल्टर से पहली धातु का उत्पादन करके भारत के एल्युमीनियम क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

- बाल्को ने 525 किलो एम्पीयर के स्मेल्टर से पहले धातु का उत्पादन

कंपनी ने बयान में कहा कि यह सफलता बाल्को की मौजूदा 10 लाख टन सालाना विस्तार परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह एल्युमीनियम प्रगलन प्रौद्योगिकी में एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है। बाल्को संयंत्र छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है।

### भारतीय मानक को छोड़ा पीछे

बयान में कहा गया कि 525 केए प्रगालक तकनीकी प्रगति में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने 378 केए के पिछले भारतीय मानक को पीछे छोड़ दिया है। बयान में कहा गया कि यह उपलब्धि भारत की एल्युमीनियम आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास को गति देने में बाल्को की भूमिका को रेखांकित करती है।

### बाल्को मिलियन टन क्लब में शामिल

बाल्को के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और निदेशक राजेश कुमार ने कहा, "मिलियन टन क्लब में शामिल होने के साथ, बाल्को भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक नया अध्याय लिख रही है।" उन्होंने कहा, "इस विस्तार के जरिये हम न केवल घरेलू क्षमता को बढ़ा रहे हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं, संबद्ध उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं और छत्तीसगढ़ तथा उसके बाहर आर्थिक वृद्धि को गति दे रहे हैं।"

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारत ने 7.75 लाख टन चीनी का किया निर्यात ...



**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। आईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें इस वर्ष सितंबर तक सफेद चीनी का निर्यात 6.13 लाख टन, रिफाइंड चीनी का 1.04 लाख टन और कच्ची चीनी का 33,338 टन हुआ है।

# महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका और चीन के बीच नए शुल्क तनाव, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एचसीएल टेक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी।


भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा घरेलू संकेतकों, वैश्विक व्यापक आर्थिक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगी। अमेरिका-चीन शुल्क युद्ध के नए सिरे से बढ़ने, जिसकी वजह से शुक्रवार को वॉल-स्ट्रीट पर भारी बिकवाली देखने को मिली, से वैश्विक जोखिम लेने की धारणा कम होने की संभावना है। व्यापार तनाव की वजह से डॉलर का बहिर्वाह बढ़ सकता है, जिससे उभरते बाजारों के शेयरों और मुद्राओं पर और दबाव बढ़ सकता है। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बड़े गिरावट के साथ बंद हुए। नैस्डैक कंपोजिट में 3.56 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एसएंडपी 500 में 2.71 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.90 प्रतिशत की गिरावट आई।

- अमेरिका-चीन शुल्क तनाव की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- रिलायंस, इंफोसिस आदि कंपनियों के आएंगे परिणाम

### घटनाक्रमों से भरा रहेगा पूरा सप्ताह

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, "यह सप्ताह घटनाक्रमों से भरा रहेगा। सप्ताह के दौरान प्रमुख घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे आएंगे। आंकड़ों के मोर्चे पर, सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े जारी करेगी, उसके बाद 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े आएंगे।"

# एसीएमई समूह डीआरआई के लिए करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** एसीएमई समूह डायरेक्ट रिड्यूस आयरन (डीआरआई) सुविधा स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में 12 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की क्षमता वाली इकाई स्थापित की जाएगी, जिसमें ग्रीन एचबीआई/जीआरआई (ग्रीन हॉट ब्रिकेटेड आयरन और ग्रीन डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन) का उत्पादन किया जाएगा, जिसका उपयोग हरित इस्पात के निर्माण में किया जाएगा। "हमारी नई सुविधा कुछ न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन वाले ग्रीन एचबीआई और डीआरआई उत्पादों का उत्पादन करेगी, जो देश में स्वच्छ प्रौद्योगिकी समाधान के अगुवा के रूप में हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

# बीते माह टाटा मोटर्स व मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी, हुंडई की घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। सितंबर के यात्री वाहन पंजीकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंडई मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में सालाना आधार पर गिरावट आई है। टाटा मोटर्स ने पिछले महीने अपनी बाजार हिस्सेदारी में सुधार देखा और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल इस महीने में कंपनी ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत और बिक्री 1,15,530 वाहन रही थी। कुल मिलाकर, पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2,99,369 इकाई रही, जो पिछले साल सितंबर के 2,82,945 इकाई के आंकड़े की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन महीने में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.58 प्रतिशत रही।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली

क्र. /भ.अ.वि./2025/153 — रिसाली, दिनांक 08.10.2025


**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी / निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति / सुझाव दिनाक 28/10/2025 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कोलोनियों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | स्थल/कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली | 652/1249, 654, 655, 658, 659, 660, (P)665 | 2.00 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम रिसाली के भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रिसाली



## शब्द पहेली - 6017



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 6016 का हल**



# पेनल्टी किक पर गोल करने से चूके रोनाल्डो

एजेंसी ▶▶| लंदन

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और जोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।



# 1990 के बाद क्वालीफाई करने के करीब यूएई

एजेंसी ▶▶| दोहा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2026 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में ओमान को 2-1 से हराकर 1990 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया है। यूएई को स्वतः क्वालीफिकेशन के लिए अब मंगलवार को मेजबान कतर के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरुरत है। इस हार से ओमान की तीन-टीम वाले ग्रुप ए को जीतकर पहली बार विश्व कप के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। टीम हालांकि अब भी दूसरे स्थान पर रहकर पांचवें दौर में आगे बढ़ सकती है। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की सह मेजबानी में आयोजित होगा।



## खबर संक्षेप



### जापान ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में पहुंची जोशना

**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने जापान के योकोहामा में चल रहे जापान ओपन पीएसए चैलेंजर में मिस्र की नारदीन गैरास को सीधे गेमों में हराकर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में पूर्व में नंबर 10 पर रही इस 39 साल की खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त गैरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया। जोशना अंतिम चार में अब चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल से भिड़ेंगी। पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व युगल चैंपियन ने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और पहले दौर में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।

### न्यूजीलैंड को हराकर जोहोर कप में भारत का अजेय अभियान जारी



**जोहोर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था। भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे।

### वाशेरोट ने जीता शंघाई मास्टर्स खिताब



**शंघाई।** वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

## वेस्टइंडीज दूसरी पारी में 173/3, भारत से अभी 97 रन पीछे

# फॉलोऑन के बाद वेस्टइंडीज का पलटवार कैंपबेल और होप की शतकीय साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही। वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है, जो वेस्टइंडीज के नाम रहा। कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा।

- भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट को चौथे दिन खींचने में सफल वेस्टइंडीज



### कुलदीप का कमाल

*कुलदीप यादव ने शनिवार को दूसरे टेस्ट में सबसे पहले एलिक एथानाजे को सबसे पहले आउट किया, जिनका कैच रवींद्र जडेजा ने लिया। फिर रविवार की सुबह उन्होंने शे होप को आउट किया। कुलदीप यादव का तीसरा विकेट टेविन इमलैच के तौर पर आया। इसके बाद उन्होंने जेडन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। लेफ्ट आर्म स्पिनर ने पांचवां शिकार जेडन सील्स का किया।*

### गिल ने लपका कमाल का कैच

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया। एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। बता दें कि साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स ने 45 टेस्ट में 4 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वॉर्डल ने इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में रेड बॉल मैच में साल 1957 में 5वीं बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया था। इस गेंदबाज ने पहली पारी में 20.2 ओवरों में 61 रन देकर 5 बैटर्स को आउट किया था।

### कुलदीप ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास



5 विकेट लेकर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के स्पिनर जॉनी वॉर्डल के सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ये रिकॉर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर के जरिए है। वॉर्डल ने अपने 9 साल के इंटरनेशनल करियर में 28 टेस्ट खेले हैं और 5 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। कुलदीप ने अब 15 टेस्ट मैचों में 5 बार 5 विकेट लेकर कमाल कर दिया है।

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉन कैंपबेल नाबाद | 87 | 145 | 9 | 2 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| एलिस अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| शाई होप नाबाद | 66 | 103 | 8 | 2 |

**अतिरिक्त :** 28,
**कुल योग:** 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन
**गेंदबाजी :** सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

## विश्व जूनियर चैंपियनशिप

# स्पर्धा में लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे भारतीय शटलर



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

मिश्रित टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय दल सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17 साल पहले पुणे में रहा था जब साइना नेहवाल ने लड़कियों के एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता के इतिहास में कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिनमें चार रजत पदक शामिल हैं। इस चरण में भारत के पास एक और स्वर्ण पदक जोड़ने का सबसे अच्छा मौका लड़कियों के एकल वर्ग में है, जिसमें जूनियर विश्व नंबर एक तन्वी शर्मा और चाइना ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची उन्नति हुड्डा शामिल हैं। दोनों खिलाड़ियों को ड्रॉ के अलग-अलग हिस्सों में रखा गया है, जिससे भारतीयों के बीच संभावित फाइनल की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### उन्नति करेंगी किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता तन्वी को शुरुआती दौर में बाई मिली है और इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त थलिता विर्यावान के खिलाफ संभावित क्वार्टरफाइनल उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आठवीं वरीय उन्नति दूसरे दौर में हांगकांग की लियू होई किउ अन्ना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। भारत की एशियाई अंडर-19 कांस्य पदक विजेता वेन्नाला के और विश्व में 41वें नंबर की रक्षिता श्री को अंतिम चार में पहुंचने के लिए कुछ कठिन मुकाबलों से गुजरना होगा।

### लड़कों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता कठिन

लड़कों के एकल वर्ग के दावेदारों के लिए पदक दौर तक पहुंचने का रास्ता और भी कठिन होगा, जहां लालथाजुआला हमार का सामना विश्व जूनियर नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदिल्लाह से अंतिम 32 में होने की संभावना है। 11वीं वरीयता प्राप्त रौनक चौहान को चीन के ली जी हैंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## वनडे में किया 5 हजार का आंकड़ा पार

# स्मृति ने रचा इतिहास, 1 कैलेंडर ईयर में बनाए 1 हजार रन

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम



भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप ग्रुप मैच के दौरान महिला वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। उनतीस साल की इस सलामी बल्लेबाज ने महिला वनडे में 5,000 रन भी पूरे किए और मिताली राज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गईं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं और उन्होंने सबसे कम पारियों में 1,000 रन बनाए। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे उन्होंने स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने हालांकि टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत की लेकिन इस बाएं हाथ की बल्लेबाज ने शानदार वापसी करते हुए 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की, जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी।

### एक ओवर में बनाए 16 रन

इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ, जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू की धज्जियां उड़ाते हुए इस ओवर में चौका, छक्का और चौका जड़ा, जिससे 16 रन बने। मंधाना ने इस तरह महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और फिर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। मंधाना ने टूर्नामेंट में इससे पहले श्रीलंका, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रमशः 8, 23 और 23 रन बनाए थे।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सील्स को जुर्माना

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया, जिससे गेंद उनके पैड पर लगी। आईसीसी ने कहा, 'सील्स को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या किसी अन्य क्रिकेट उपकरण) फेंकने से संबंधित है।' इसके साथ ही सील्स के खाते में 24 महीनों की अवधि में कुल डिमेरिट अंक की संख्या अब दो हो गई है।

*महिला विश्व कप में भारत की लगातार दूसरी हार*

# ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड जीत दर्ज करके भारत की सेमीफाइनल की राह मुश्किल की

भाषा ▶▶| विशाखापत्तनम



▶▶| डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से हराया
▶▶| कप्तान एलिसा हीली का शतक

कप्तान एलिसा हीली की 142 रन की मैराथन पारी और अनाबेल सदरलैंड के पांच विकेट के दम पर आस्ट्रेलिया ने महिला विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए रविवार को भारत को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल की उसकी राह मुश्किल कर दी। जीत के लिये 331 के रिकॉर्ड लक्ष्य को हीली की पारी ने आसान बना दिया जिन्होंने 107 गेंद में 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन बनाये और एलिसे पैरी ने चोट के कारण मैदान छोड़ने के बाद वापसी करके स्नेह राणा को छक्का लगाकर एक ओवर बाकी रहते टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले महिला विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड भी आस्ट्रेलिया के नाम था जब उसने 2022 में भारत के ही खिलाफ आकलैंड में 278 रन का लक्ष्य हासिल किया था। सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे क्रिकेट में पहली बार तीन सौ से अधिक के लक्ष्य का पीछा करके कामयाबी हासिल की है।

### बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगा अफ्रीका

*विशाखापत्तनम। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।*

## दिल्ली हाफ मैराथन को जोशीले धावकों ने उत्सव की तरह मनाया

# 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ की भावना का मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम रविवार को खेल प्रेमियों से गुलजार हो गया जब वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 40 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर दौड़ की भावना का शानदार जश्न मनाया। इस साल का आयोजन शीर्ष खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा को यादगार बनाया। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान जैसे प्रमुख हस्तियों ने भी आम खेल प्रेमियों के साथ दौड़ में भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को बड़े उत्साह से अपनी बिब और किट ली थी। उन्होंने ओपन 10के (10 किलोमीटर) दौड़ पूरी की। दौड़ पूरी करने के बाद उन्होंने कहा, 'यह केवल खिलाड़ियों की दौड़ नहीं होती, बल्कि इससे जुड़ा पूरा परिस्थितिक तंत्र होता है। इस स्पर्धा से जितने गरीब और वंचित लोग लाभान्वित होते हैं, वह वाकई अद्भुत है।

- राजधानी दिल्ली का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम खेल प्रेमियों से गुलजार



### बीमार भाई की खुशी के लगाया जोर : मटाटा

*कीनिया के एलेक्स मटाटा ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब जीतने के बाद कहा कि वह अपने बीमार भाई के चेहरे पर खुशी लाने के लिए दौड़ के दौरान खुद को प्रेरित कर रहे थे। मटाटा ने इस जीत के बाद कहा, 'यह जश्न... मैं अपने और अपने भाई के लिए मना रहा हूं। मुझे लग रहा था कि यहां मेरी जगह मेरा भाई दौड़ रहा है। वह बीमार है तो मैंने सोचा की उसकी चेहरे पर खुशी के लिए पूरी ताकत झोंक देनी चाहिए।'*

### मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

*कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे मटाटा ने 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अभिषेक पाल और सीमा भारतीय पुरुष और महिला वर्ग में सबसे तेज धावक रहे। उन्होंने क्रमशः एक घंटे चार मिनट 17 सेकंड और एक घंटे 11 मिनट 23 सेकंड का समय लिया। दिल्ली हाफ मैराथन का यह 20वां सत्र है, जिसे यहां के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाई गई थी। इसकी कुल पुरस्कार राशि 260,000 डॉलर है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109






## ताकत वतन की हमसे है

# बीएसएफ को मिले 167 नए जांबाज श्रीनगर में पासिंग आउट परेड संपन्न



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर हुमहामा में आयोजित पासिंग आउट परेड में 167 रंगरूटों ने सफल प्रशिक्षण के बाद बल में शामिल होकर राष्ट्र सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि आईजी सोलोमन यश कुमार मिंज ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों के आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रशिक्षण की सराहना की। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को रंगरूटों की पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें 167 रंगरूट बीएसएफ में शामिल होने के लिए पास आउट हुए।

## आईजी ने कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का

आईजी एसटीसी कश्मीर (बीएसएफ) सोलोमन यश कुमार मिंज मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि का स्वागत एसटीसी बीएसएफ कश्मीर के कमांडेंट योगिंदर अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि ने बीएसएफ रिक्रूट कांस्टेबलों की भव्य सत्यापन परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रक्षा की पहली पंक्ति होने के नाते बीएसएफ अपनी स्थापना के बाद से न केवल हमारी सीमाओं की प्रभावी ढंग से रक्षा कर रही है इसने अद्वितीय वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ विदेशी प्रायोजित आतंकवाद और आंतरिक उग्रवाद से लड़ने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीमाओं पर उत्पन्न होने वाले आतंकवाद और नार्को टेरर के खतरों को खत्म करने के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने जोर देकर कहा कि एक कुशल तंत्र और प्रतिक्रिया प्रणाली के साथ बीएसएफ विशाल चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

*पीएम ने प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी*

## पीएम मोदी ने सेशेल्स के नए राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को जीत की दी बधाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की जीत पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि डॉ. हर्मिनी को राष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत पर वे उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हैं और उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में लिखा, सेशेल्स के राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को उनकी जीत पर हार्दिक बधाई। हिंद महासागर का जल हमारा साझा धरोहर है, जो हमारे दोनों देशों की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है। मुझे विश्वास है कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में भारत और सेशेल्स के बीच लंबे समय से चले आ रहे बहुआयामी और परखे हुए संबंध और अधिक गहराई और गति प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये साझा संस्कृति, समुद्री विरासत और पारस्परिक विकास की भावना से जुड़े हैं। दोनों देशों ने वर्षों से समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सहयोग किया है।

